चैत्र, पक्ष - शुक्ल, तिथि - द्वितीया, संवत 2081 जयपुर, बुधवार वर्ष-10, अंक-7, 10 अप्रैल - 16 अप्रैल, 2024 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- पृष्ठ : 8+2

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

जागरूक जनता

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएँ

एक ओर ऊंचाईयां छूती भाजपा, तो दूसरी ओर कार्यकर्ता झगड़ रहे हैं!

सटीक

शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

इन दिनों देश में लोकसभा के आमचुनाव चल रहे हैं। नेताओं को टिकट मिल रहे हैं। कहीं नामांकन हो रहा है तो कहीं टिकट बंट रहे हैं। कहीं टिकट कट भी रहे हैं। तो दूसरी तरफ बड़ी संख्या में दल-बदल चल रहा है। कई नेता अपने दलों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। कुछ अपवाद स्वरूप भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर दूसरे दलों में भी जा रहे हैं। मगर बहुतायत में अन्य दलों के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। जब कोई भी नेता किसी दल से जुड़ता है तो उसके दिल में कहीं न कहीं उस दल के प्रति झुकाव होता है। खैर, यह तो अपनी जगह चलता ही रहता है। जब भी चुनाव आते हैं तब दल-बदल कर नेता इधर से उधर आते-जाते रहते हैं। मगर, हम बात कर रहे हैं भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं की। राजस्थान में 19 अप्रेल को प्रथम चरण के चुनाव होने हैं। पिछले दिनों जयपुर शहर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा का जयपुर के विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र मुरलीपुरा में रोड शो हुआ। उसमें कार्यकर्ताओं में एक-दूसरे के प्रति जिस तरह का व्यवहार और भाषा देखने को मिली, उससे समझदार कार्यकर्ता को शर्म जरूर आई होगी। रोड शो के दौरान वरिष्ठ नेताओं के समक्ष मात्र बैठने या खड़े होने को लेकर जिस तरह का दृश्य उत्पन्न हुआ वो वाकई में शर्मसार कर देने वाला दृश्य था। भाजपा को अनुशासन वाली पार्टी माना जाता है। मगर अब विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में तो अनुशासन तार-तार होता दिख रहा है। ये कोई पहला मौका नहीं है। इस क्षेत्र में पहले भी मंडल अध्यक्ष को लेकर लंबे समय तक विवाद चलता रहा। मंडल अध्यक्ष को लेकर दो ध्रुव काम करते रहे। 2018 के विधानसभा चुनावों के दौरान भी विधायक और सांसद दो ध्रुवों के बीच एक स्थानीय छुटभैया नेता ने क्या कारनामा दिखाया वह भी किसी से छुपा नहीं है। इसी प्रकार श्मशान की चद्दरों को लेकर दो पार्षदों के बीच में भी सेक्टर-10 में अशोभनीय घटना घट चुकी है। अभी हुए विधानसभा चुनाव के दौरान एक पार्षद को भाजपा के राजस्थान नेतृत्व ने विद्याधर नगर के बाहर दूसरे क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए भेज दिया। वे परेशान हो गए सिर्फ इसलिए कि उनको विद्याधर नगर भाजपा प्रत्याशी जो अब उप मुख्यमंत्री हैं, की नजरों में काम करते हुए दिखाई पड़ना चाहिए था। जबकि ऐसा है नहीं। अब ऐसे नेता और कार्यकर्ताओं के बीच विद्याधर नगर की विधायक उप मुख्यमंत्री के नजदीकी बनने की होड़ में सिरफुटव्वल होने लगी है। हो सकता है ऐसे नेता और कार्यकर्ता भविष्य की राजनीति को लेकर कुछ ज्यादा ही सोचने लगे हों। क्योंकि साल-डेढ़ साल बाद नगर निगम के चुनाव भी होने हैं। इसलिए अभी से अपने आपको सक्रिय दिखाने में लगे हों। यह देखने की बात है कि ऐसे कार्यकर्ताओं की चौकड़ी से नेतृत्व कैसे निपटता है। दूसरी ओर इससे मिलता-जुलता एक दृश्य कोटा में भी कांग्रेस नेताओं के बीच पिछले दिनों देखने को मिला, जहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शांतिलाल धारीवाल व भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले प्रहलाद गुंजल के बीच मंच पर दिखाई दिया था।

Shivdayalmishra@gmail.com

शुरुआत में अल नीनो का असर दिखाई दे सकता है-स्काईमेट

देश में सामान्य, प्रदेश में मेहरबान रहेगा मानसून

राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी, महाराष्ट्र, पंजाब समेत 23 राज्यों में अच्छी बारिश होगी, बिहार, झारखंड सहित 4 राज्यों में कम बारिश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। वेदर एजेंसी स्काईमेट ने मंगलवार को बताया कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा। यानी जून से सितंबर तक 4 महीने में औसत या सामान्य बारिश होगी। मौसम विभाग (IMD) 96 से 104 फीसदी के बीच बारिश को औसत या सामान्य मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। मानसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरल के रास्ते आता है। 4 महीने की बरसात के बाद यानी सितंबर के अंत में राजस्थान के रास्ते मानसून की वापसी होती है। हालांकि राजस्थान में अच्छी बारिश के संकेत स्काईमेट ने अपने अनुमान में दिए हैं। उधर, IMD ने इस साल के लिए मानसून की भविष्यवाणी अब तक जारी नहीं की है। एजेंसी मई में इसे जारी कर सकती है।

23 राज्यों में बहुत अच्छी बारिश का अनुमान:

राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, लक्षद्वीप।

4 राज्यों में कम बारिश संभव: बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में जुलाई और अगस्त के दौरान। इसके बाद सामान्य बारिश होगी।

8 राज्यों में सामान्य से कम बारिश: असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम में जून और जुलाई के दौरान। इसके बाद सामान्य बारिश।

भ्रामक विज्ञापन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लगी फटकार

बाबा रामदेव ने कोर्ट में बिना शर्त मांगी माफी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कई मौकों पर फटकार लगाए जाने के बाद, योग गुरु रामदेव और उनकी कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने भ्रामक विज्ञापन मामले में दिए गए वचन का पालन नहीं करने के लिए अदालत से बिना शर्त माफी मांगी है। माफीनामा शनिवार को दाखिल किया गया और सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर आज फिर सुनवाई करेगा। योग गुरु, जिन्हें लोकप्रिय रूप से बाबा रामदेव के नाम से जाना जाता है,

और बालकृष्ण को सुनवाई के लिए उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

सुप्रीम कोर्ट की फटकार

2 अप्रैल को, अदालत ने रामदेव और बालकृष्ण को एक सप्ताह के भीतर उचित हलफनामा दाखिल करने का "अंतिम अवसर" दिया था और कहा था कि उनके द्वारा दायर की गई पहले की माफी "अधूरी और महज दिखावा" थी।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

GODSHIP ACADEMY
To Cherish & Nurture Your Child
Where your search ends
A School where you can rest assured about your child's future and character building
Admissions Open 2024-25

DAY BOARDING FACILITY | FULLY AIR CONDITIONED | CONVEYANCE FAVILITY

D-13-14, MEERA MARG, BANIPARK, JAIPUR
Ph. : 0141-2203388, 4055231, 9829240807 • www.godshipacademy.com

कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?
देसी दिल के लिये, दादी वाला देसी तेल...
Kabira® Healthy Growth Yellow Mustard Oil
Natural Immunity Booster | FORTIFIED | 100% VEG. | COLD PRESSED | KOSHER
Trusted | Approved by : WHO GMP | one of the OLDEST OIL known to HUMAN

स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।
- प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
- निर्माण विधी उच्च ताप रहित ।
- निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
- केन्सर को रोकने में लाभदायक ।*
- मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक ।
- एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार ।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक ।
- केवल देसी सरसों द्धारा निर्मित ।
- मोटापा घटाने में लाभदायक ।
- बालों के लिए एक उत्तम तेल ।
- ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर ।
- तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी ।
- अनेक औषधीय गुणों से भरपूर ।
- सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स ।*
- छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी ।

Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil

स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

तेल आप उपयोग करें	तेल आप उपयोग ना करें
कबीरा पीली सरसों का तेल	कबीरा रिफाईण्ड पामोलीन तेल
कबीरा कच्ची घानी सरसों का तेल	कबीरा रिफाईण्ड राईस ब्रान तेल
कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल	कबीरा ब्लेन्डेड एवं फर्मोल्ड तेल
कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल	कबीरा रिफाईण्ड सोयाबीन तेल
कबीरा कोल्ड प्रेस्ड बादाम तेल	कबीरा रिफाईण्ड सूरजमुखी तेल
	कबीरा रिफाईण्ड मूंगफली तेल

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free
ONLY FOR NEW MEMBER, LIMITED TIME OFFER

समस्त व्रत एवं उपवास में उपयोगी	केवल कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल
सर्दियों में उपयोगी	कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल
हर मौसम में उपयोगी	कबीरा पीली सरसों एवं कच्ची घानी सरसों तेल
दिपावली, दिपक प्रज्वलन के लिए	कबीरा तिल्ली एवं कच्ची घानी सरसों तेल

-: Awards & Achievements :-

To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
MANISHANKAR OILS PVT LTD
+91 98290 50738
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)
For Award Details : Contact 98290-50738
* In Reference to : Asian Journal of Dairy and Food Research (2019)
#GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED #GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

नाम वापसी की आखिरी तारीख निकली : 25 सीटों पर कुल 266 उम्मीदवार मैदान में, चित्तौड़गढ़ में 18 प्रत्याशी

प्रदेश की 25 सीट : ये होंगे आमने सामने

बीकानेर (एससी)

अर्जुनराम भाजपा | गोविंद मेघवाल कांग्रेस

बांसवाड़ा

महेन्द्रजीत भाजपा | राजकुमार बाप

नागौर

ज्योति मिर्धा भाजपा | हनुमान बेनीवाल आरएलपी

सीकर

सुमेधानंद भाजपा | अमराराम सीपीएम

धौलपुर-करौली

इंदुदेवी भाजपा | भजनलाल कांग्रेस

झुंझुनूं

शुभ्करण भाजपा | बृजेंद्र ओला कांग्रेस

श्रीगंगानगर

प्रियंका बेलान भाजपा | कुलदीप इंदौरा कांग्रेस

भरतपुर (एससी)

रामस्वरूप भाजपा | संजना जाटव कांग्रेस

जयपुर शहर

मंजू शर्मा भाजपा | प्रताप सिंह कांग्रेस

जयपुर ग्रामीण

राजेंद्र सिंह भाजपा | अनिल चौपड़ा कांग्रेस

अलवर

भूपेंद्र यादव भाजपा | ललित यादव कांग्रेस

चूरू

देवेंद्र झाझड़िया भाजपा | राहुल कस्वां कांग्रेस

दौसा

कन्हैयालाल भाजपा | मुरारी लाल कांग्रेस

राजसमंद

महिमा विश्वराज भाजपा | दामोदर गुर्जर कांग्रेस

भीलवाड़ा

दामोदर भाजपा | डॉ सीपी जोशी कांग्रेस

अजमेर

भागीरथ चौधरी भाजपा | रामचंद्र चौधरी कांग्रेस

उदयपुर (एसटी)

मन्नालाल रावत भाजपा | ताराचंद मीणा कांग्रेस

कोटा-बूंदी

ओम बिरला भाजपा | प्रहलाद गुंजल कांग्रेस

चित्तौड़गढ

सीपी जोशी भाजपा | उदयलाल कांग्रेस

जोधपुर

गजेंद्र सिंह भाजपा | करण सिंह कांग्रेस

झालावाड़-बारां

दुष्यंत सिंह भाजपा | उर्मिला जैन कांग्रेस

टोंक-सवाईमाधोपुर

सुखबीर सिंह भाजपा | हरीश मीणा कांग्रेस

पाली

पीपी चौधरी भाजपा | संगीता बेनीवाल कांग्रेस

बाड़मेर-जैसलमेर

कैलाश भाजपा | उम्मेदराम कांग्रेस | रविंद्र सिंह निर्दलीय

जालोर-सिरोही

लुंबाराम चौधरी भाजपा | वैभव गहलोत कांग्रेस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। प्रदेश की सभी 25 सीटों पर लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण के मतदान के लिए नाम वापसी कीआखिरी तारीख पर प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो गई है। निर्वाचन आयोग से जारी रिपोर्ट के अनुसार पहले चरण के मतदान (19 अप्रैल) में 12 सीटों पर कुल 114 उम्मीदवार मैदान में होंगे। दूसरे चरण की वोटिंग (26 अप्रैल) में मतदाता 13 सीटों पर कुल 152 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। चित्तौड़गढ़ सीट पर सबसे ज्यादा 18 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं वहीं करौली-धौलपुर में सबसे कम प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

5.35 करोड़ से अधिक मतदाता

चुनाव आयोग के अनुसार राजस्थान में लोकसभा चुनाव के लिये कुल पांच करोड़ 35 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 1.40 करोड़ सर्विस वोटर हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की प्रकाशित मतदाता सूचियों के अनुसार कुल पांच करोड़ 35 लाख आठ हजार 10 मतदाता पंजीकृत हैं और इनमें से एक करोड़ 40 लाख 907 सर्विस वोटर हैं। चुनाव आयोग के अनुसार 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से पाली में सबसे अधिक 23 लाख 48,274 मतदाता पंजीकृत हैं।

कई सीटों पर रोचक मुकाबला

राजनीतिक पंडित लोकसभा चुनावों को लेकर अपने-अपने समीकरण लगाने में लगे हैं। उनके अनुसार इस बार चूरू, कोटा-बूंदी, सीकर, नागौर, बांसवाड़ा और बाड़मेर सीटों पर मुकाबला रोचक रहने की उम्मीद है। जहां बाड़मेर में निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कांग्रेस और भाजपा के नाक में दम कर रखा है वहीं चूरू में राहुल कस्वां और कोटा-बूंदी में प्रह्लाद गुंजल के आने से मुकाबला रोचक हो गया है।

कांग्रेस गठबंधन फेल

कांग्रेस ने पहले 22 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। नागौर, सीकर और बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर गठबंधन करना था लेकिन सीकर में माकपा और नागौर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से गठबंधन हो गया। वहीं पार्टी ने बांसवाड़ा सीट पर भी बाप को गठबंधन में सीट दे दी थी लेकिन ऐन वक्त पर कांग्रेस के डमी प्रत्याशी अरविंद डामोर ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया इस कारण वहां पार्टी का गठबंधन टूट गया।

दो चरणों में किया जाएगा मतदान

पहले चरण में 19 को 12 सीटों गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर में। दूसरे चरण में 13 सीटों टोंक, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़ पर 26 को मतदान होगा।

लोस चुनाव के दूसरे चरण में 1206 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

नयी दिल्ली @ जागरूक जनता। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1206 उम्मीदवारों के साथ बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र से चार उम्मीदवार अपना भाग्य आजमायेंगे। इस चरण में 88 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2633 नामांकन दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1428 नामांकन वैध पाए गए। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अप्रैल के बाद अब 1206 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। केरल में 20 संसदीय क्षेत्रों से सबसे अधिक 500 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। दूसरे नंबर पर कर्नाटक में 14 संसदीय क्षेत्रों से 491 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। त्रिपुरा के एक संसदीय क्षेत्र से 14 नामांकन किये गये। महाराष्ट्र के नांदेड़ संसदीय क्षेत्र से सबसे अधिक 92 नामांकन पत्र दायर किये गये। इस चरण में असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ और पश्चिम बंगाल की तीन - तीन, जम्मू कश्मीर और त्रिपुरा की एक-एक , कर्नाटक की 14, केरल की 20, मध्य प्रदेश की सात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ और राजस्थान की 13 सीटों के लिए चुनाव होगा।

घर-घर देकर दस्तक की जा रही मनुहार

जरूर करें मतदान

होम वोटिंग जारी, वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड का किया जा रहा वितरण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड का वितरण भी किया जा रहा है।

हवामहल विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सरिता शर्मा ने क्षेत्र के कई इलाकों का दौरा कर। मतदाताओं को वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड के वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. सरिता शर्मा ने बताया कि हवामहल विधानसभा क्षेत्र में घर-घर दस्तक देकर 1 लाख 10 हजार 716 वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं 25 हजार 317 वोटर गाइड का वितरण किया जा चुका है। इस दौरान नव मतदाताओं एवं उनके परिजनों द्वारा मतदान संकल्प पत्र भरवाकर मतदान की शपथ दिलाई जा रही हैं। वहीं, मंगलवार से मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए सतरंगी सप्ताह का आगाज किया जाएगा। वहीं, सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी मुक्ता राव ने भी क्षेत्र के इलाकों में दौरा कर मतदाताओं को वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड वितरण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। राव ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए बीएलओ घर-घर जाकर जागरूक कर रहे हैं साथ ही वीएचए, केवाईसी, सक्षम एवं सी-विजिल जैसे जरूरी एप की जानकारी भी मुहैया करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विगत 4 दिनों में सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र में 577 मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाते हुए घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं।

मतदान दिवस पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

निजी एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के श्रमिकों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीलिमा तक्षक ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 22 मार्च 2024 को जारी आदेश की अनुपालना में मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि शुक्र वार, 19 अप्रैल जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित हवामहल, विद्याधर नगर, सिविल लाइन, किशनपोल, आदर्श नगर, मालवीय नगर, सांगानेर, बगरू विधानसभा क्षेत्रों में, जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित कोटपूतली, विराटनगर, शाहपुरा, फुलेरा, झोटवाड़ा, आमेर जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र, दौसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित चाकसू एवं बस्सी विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ सीकर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित चौमूं विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। वहीं, अजमेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित दूदू विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार ऐसे कार्मिक जो राजस्थान राज्य के किसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य तौर पर निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है, राजस्थान राज्य के ही अन्य लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत है तथा ऐसे कार्मिक जो अन्य राज्य के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य तौर पर निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है। ऐसे कार्मिक को मतदान हेतु आवेदन करने पर मतदान तिथि को सवैतनिक अवकाश स्वीकृत करने हेतु विभिन्न विभागों, उपक्रमों, बोर्ड एवं निगमों आदि के विभागाध्यक्ष भी प्राधिकृत होंगे।

■ 30 जिलों में बारिश-ओलावृष्टि का अलर्ट

जयपुर @ जागरूक जनता। राजस्थान में फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। दोपहर बाद दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में बादल छा सकते हैं। इस दौरान कुछ जगहों पर तेज हवा भी चलने की संभावना है। मौसम केंद्र जयपुर ने अगले तीन दिन 30 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। तीनों दिन येलो अलर्ट है।

■ आरोपी चालक गोपाल राजकीय सेवा से बर्खास्त

जयपुर @ जागरूक जनता। वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 पेपर लीक मामले में RPSC ने संज्ञान लेते हुए आरोपी को राजकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आरोपी चालक गोपाल सिंह राजकीय सेवा से बर्खास्त किया है। बताया जा रहा है कि विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर RPSC ने ये कार्रवाई की।

रामनवमी महोत्सव : प्रसार भारती कराएगा ऑनलाइन दर्शन, 4 घंटे शयन आरती, श्रृंगार भोग में रहेगा पर्दा

अयोध्या : रामनवमी पर 20 घंटे कर सकेंगे रामलला के दर्शन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

अयोध्या। चैत्र राम नवमी पर प्रभु रामलला के दर्शन के लिए आने वाली संभावित लाखों की भीड़ की व्यवस्था व राम जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र की बैठक मणिराम छावनी में हुई। करीब दो घंटे तक चली इस महत्वपूर्ण बैठक में भव्य राम मंदिर में पहली बार रामनवमी का पर्व मनाने के दौरान श्रद्धालुओ को हर तरह से सुरक्षित व सुगम दर्शन को लेकर मंथन किया गया।

मंदिर ट्रस्ट की बैठक में तय किया गया कि लाखों की भीड़ एक ही दिन राम लला का दर्शन करने न पहुंचे उन्हें जगह जगह एलईडी पर दर्शन की व्यवस्था की जाए। मंदिर ट्रस्ट के महा सचिव चंपतराय ने बताया कि राम नवमी में भारी भीड़ को देखते हुए 20 घंटे रामलला के दर्शन खुला रखने पर मंदिर ट्रस्ट ने सहमति दे दी है। तय किया गया कि

अभी जहां 4 कतारों के ट्रैक मे दर्शन की व्यवस्था है अब इसे बढ़ा कर 7 ट्रैक की जा रही है। लोगों से यह भी अपील की जाएगी कि वे अपने सामान बाहर किसी स्थान पर रखकर आए जिससे फास्ट ट्रैक से कम समय मे दर्शन मिल सके।

अपने पड़ोस के मंदिर में मनाएं राम जन्मोत्सव

चंपत राय ने बताया कि तय किया गया है श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर में दर्शन के लिए न पहुंच कर एलईडी पर रामजन्मोत्सव का दर्शन करें। राम मंदिर में आयोजित प्रभु रामलला के जन्मोत्सव कार्यर्र म का प्रसारण प्रसार भारती करेगी। इसके लिए अयोध्या के 100 स्थानों पर एलईडी लगाई जाएगी। प्रसार भारती ने प्रसारण की सहमति दे दी है। उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट आम श्रद्धालुओं से अपील कर रहा है कि वे अपने पड़ोस के मंदिरों में प्रभु राम का जन्मोत्सव मनाए क्योंकि अयोध्या इतना बड़ा शहर नही है जहां अप्रत्याशित भीड़ को समाया जा सके । बड़ी समस्याएं इस दौरान पैदा हो सकती है । उससे बचने की जरूरत है।

ओआरएस पाउडर व पेयजल व्यवस्था

चंपत राय ने बताया कि राम नवमी के प्रमुख तीन दिनो 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक मंदिर से विड़ला मंदिर तक जोड़ने वाले रास्ते को टेंट से बवर किया जाएगा । मंदिर तक पहुंचने के रास्ते पर कारपेट बिछाया जाएगा और रास्ते मे 50 स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में तय किया गया कि डायरिया व डिहाइड्रेशन से बचने के लिए ओआरएस के पाउडर के पैकेट बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं में बांटे जाएंगे। दर्शन मार्ग पर जगह जगह विश्राम स्थल की भी व्यवस्था की जा रही है। मणिराम छावनी में संपन्न मंदिर ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने की । जिसमें प्रमुख रूप से महासचिव चंपतराय कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महंत दिनेंद्र दास डा अनिल मिश्र, जगदगुरू विश्व प्रसंन्नातीर्थ, विमलेंद्र मोहन मिश्र, केंद्रीय गृह सचिव प्रशांत लोखंडे,डीएम नितीश कुमार महंत कमल नयन दास व गोपाल राव मौजूद रहे।

राज्यपाल मिश्र ने की नव संवत्सर पर पूजा-अर्चना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने नव संवत्सर 2081, चैत्र नवरात्र के आरम्भ होने पर मंगलवार को राजभवन स्थित राजराजेश्वर मंदिर में मां दुर्गा की विधिवत पूजा–अर्चना की। उन्होंने मां की आरती भी की और सबके मंगल की कामना की। देवी आराधना के दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली, सुख, समृद्धि और संपन्नता की कामना की।

शैक्षणिक गतिविधियों की कार्ययोजना 30 जून तक करें तैयार-कुणाल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने मंगलवार को शिक्षा संकुल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में आयोजित की जाने वाली विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की कार्ययोजना 30 जून तक तैयार करें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाए तथा प्रशिक्षण मॉड्यूल की विषयवस्तु को समय की प्रासंगिकता के अनुसार परिष्कृत किया जाए। संस्था प्रधानों को वित्तीय प्रावधानों के संबंध में आरटीपीपी एक्ट का भी प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि बालकों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा नैसर्गिक वातावरण में दी जाए। राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण के लिए उपलब्ध करवाए जाने वाले ''एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग किट'' का प्रशिक्षण दे कर, उपयोगिता सुनिश्चित की जाए। राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, स्कूल शिक्षा परिषद् अविचल चतुर्वेदी ने समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों तथा विद्यालयों को दी जाने वाली ग्रांट एवं संसाधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी, विशिष्ट शासन सचिव चित्रा गुप्ता, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा सीताराम जाट सहित निदेशालय, समग्र शिक्षा, स्टेट ओपन, पुस्तकालय विभाग, साक्षरता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

चुनाव पर्यवेक्षकों ने संवेदनशील मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। लोकसभा चुनाव-2024 के तहत जयपुर जिले में निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को जिले के संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। सामान्य पर्यवेक्षक कामिनी चौहान रतन एवं पुलिस पर्यवेक्षक नवनीत सिकेरा ने हवामहल विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चुनाव पर्यवेक्षकों ने मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान केन्द्रों पर सभी प्रकार की आवश्यक इंतजाम दुरुस्त रखने के दिशा निर्देश प्रदान किये। इस दौरान हवामहल विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सरिता शर्मा ने केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों को क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्रों की स्थिति एवं आवश्यक इंतजामों की जानकारी प्रदान की। इस दौरान पर्यवेक्षक संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर जिला निर्वाचन कार्यालय की टीम द्वारा किये गए इंतजामों एवं व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों के निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

पूर्व पुलिस कमिश्नर सोनी भाजपा में शामिल, बोले...

कांग्रेस सरकार में जमकर भ्रष्टाचार हुआ

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। लोकसभा चुनावों की तारीख करीब आते ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गई हैं। एक तरफ दोनों पार्टियों के दिग्गज स्टार प्रचारक प्रत्याशियों के लिए जनसमर्थन जुटाने के लिए ताबड़तोड़ दौरे कर रहे हैं। इसी बीच राजस्थान एसीबी के पूर्व मुखिया बीएल सोनी बीजेपी में शामिल हो गए है। मंगलवार को जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। जॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी की मौजूदगी में बीएल सोनी बीजेपी में शामिल हुए। बता दें कि बीएल सोनी के भाजपा में शामिल होने के संकेत कुछ दिनों पहले ही मिलने लग गए थे। दरअसल, राजनीतिक हलचलों में उनकी दिलचस्पी और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार विरोधी बयानों के चलते उनके जल्द ही भाजपा में शामिल होने की अटकलें और चर्चाएं होना शुरू हो गई थीं। आखिरकार आज उन्होंने भाजपा का दामन थाम ही लिया।

कांग्रेस सरकार में जमकर भ्रष्टाचार हुआ

बीजेपी जॉइन करने के बाद बीएल सोनी ने कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा पूरे पांच साल पिछली सरकार में संस्थागत भ्रष्टाचार हुआ। पिछली सरकार में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने निजी और राजनीतिक स्वार्थ के चलते युवाओं के हितों के साथ कुठाराघात किया।

हमने ज्यादा कार्रवाई की तो संसाधन कम कर दिए

बीएल सोनी ने कहा कि कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि मुझे करीब पौने तीन साल एसीबी में काम करने का मौका मिला। मेरे कार्यकाल में एसीबी ने सबसे ज्यादा कार्रवाई करने का रिकॉर्ड बनाया, लेकिन करीब 600 से ज्यादा प्रकरण ऐसे भी थे, जिसमें कार्रवाई से पहले हमने सरकार से अनुमति मांगी थी, लेकिन हमें अनुमति नहीं मिली।

लो-फ्लोर बसों में स्टूडेंट्स को लेने होंगे डिजिटल पास

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जेसीटीएसएल की ओर से लो-फ्लोर बसों में यात्रा करने वाले विद्यार्थियों र्थि के लिए डिजिटल स्टूडेंट पास जारी किए जाएंगे। बसों में यात्रा करने वाले विद्यार्थियों र्थि को इस कार्ड को दिखा कर ही टिकिट में रियायत दी जाएगी। इस संबंध में जेसीटीएसएल ने आदेश जारी किए हैं। इसके तहत छात्रों को कार्ड के शुल्शुक के रूप 65 रुपए जमा कराने होंगे। छात्र जेसीटीएसएल के पोर्टल के माध्यम से लॉगिन कर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदन का जेसीटीएसएल की ओर से वेरिफिकेशन किया जाएगा। इसके बाद आवेदनों को अप्रूव किया जाएगा। यह कार्ड अजमेरी गेट, सांगानेर, बगराना आगार से प्राप्त किए जा सकते हैं। जयपुर शहर के स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र यह पास बनवा सकते हैं।

ANCHOR ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग

पहली बार टीवी मॉनिटर के माध्यम से अभ्यर्थी वीवीपैट में सिंबल लोडिंग की प्रक्रिया देख सकेंगे

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में लोक आम चुनाव 2024 के लिए एम-3 ईवीएम बीयू, सीयू एवं वीवीपीएटी का द्वितीय रैंडमाइजेशन बीते दिनों किया गया। बुधवार से अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रदेश भर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपीएटी की कमिश्निंग का कार्य आरंभ होगा, इस दौरान टीवी मॉनिटर के माध्यम से अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि सिंबल लोडिंग की प्रकिया को देख सकेंगे। लोक सभा आम चुनाव 2024 में पहली बार अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधी को ये सुविधा मिल रही है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण गुप्ता ने बताया कि फेज 1 के लिए एम-3 ईवीएम बीयू, सीयू एवं वीवी पेट का द्वितीय रेंडमाइजेशन 5 अप्रैल को चुनाव पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी भी मौजूद रहे। मतदान से पहले ईएमएस सॉफ्टवेयर का उपयोग कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपीएटी को दो बार रेंडमाइज़ किया जाता है। पहला रेंडमाइजेशन 19-20 मार्च को किया गया था। अब दूसरी बार मतदान केंद्र आवंटन के लिए शुक्रवार को रेंडमाइज़ेशन किया गया।

गुप्ता ने बताया कि 19 तथा 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए लगभग 2 लाख ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। चित्तौड़गढ़ लोक सभा क्षेत्र में 15 से अधिक प्रत्याशी होने की वजह से प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 2 बैलट यूनिट द्वारा मतदान होगा। मतदान के लिए प्रयोग में लाने से पहले ईएमएस सॉफ्टवेयर का उपयोग कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपीएटी को दो बार रेंडमाइज किया जाता है। प्रथम बार इन्हें विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र आबंटित किए जाने के दौरान और द्वितीय बार इन्हें मतदान केंद्र आबंटित किए जाने के दौरान रेंडमाइज किया जाता है। रेंडमाइजेशन और कमिश्निंग की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाता है। दोनों रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम एवं वीवीपीएटी की रेंडमाइज्ड सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को प्रदान की जाती है।

निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप देने के बाद ईवीएम एवं वीवीपीएटी की कमिश्निंग की जाती है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह काम किया जाता है। कमिश्निंग हॉल में लगाए गए टीवी मॉनिटर के माध्यम से अभ्यर्थी या उनके अभिकर्ता वीवीपीएटी में सिंबल (चुनाव चिन्ह) लोडिंग की प्रक्रिया को देख सकेंगे। कमिश्निंग के बाद प्रत्येक ईवीएम और वीवीपीएटी में नोटा सहित प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एक वोट देकर मॉक पोल किया जाता है।

सम्पादकीय

संतुलित नजरिया

सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार जलवायु परिवर्तव और पारिस्थितिकी को लेकर एक संतुलन फैसला सुनाया है। अदालत ने दुर्लभ प्रजाति के ग्रेट इंडियन बस्टर्ड पक्षी और सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। राजस्थान और गुजरात में अत्यंत दुर्लभ प्रजाति के पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (सोहन चिड़िया) के लिए खतरनाक माने गए सोलर एनर्जी प्रॉजेक्ट से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो संतुलित रुख अपनाया है, वह पर्यावरण, पारिस्थितिकी और विकास को लेकर जुडिशरी की नई सोच का संकेत करता है। पहली बार इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी के असंतुलन को संविधान में दिए गए मूल अधिकारों से जोड़ा है।

अगले दो दशकों में वैश्विक ऊर्जा की डिमांड में होने वाले कुल इजाफे का 25% भारत में होगा। पर्यावरण प्रदूषण का दबाव स्वच्छ ऊर्जा की जरूरत बढ़ाएगा। भारत में सौर ऊर्जा के विकास की अपार संभावना भी है।

मामला 90,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले ओवरहेड ट्रांसमिशन लाइन के प्रॉजेक्ट से जुड़ा है, जिस पर 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने ही अपने एक फैसले में रोक लगा दी थी। उस समय कोर्ट के ध्यान में यह बात लाई गई थी कि बिजली के इन तारों से टकराकर ग्रेट इंडियन बस्टर्ड पक्षियों की बड़ी संख्या में मौत होती है। राजस्थान और गुजरात का वह इलाका इन पक्षियों के आवागमन की राह में पड़ता है। मगर यही इलाका सौर ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं से भरपूर भी माना जाता है। इस प्रॉजेक्ट पर रोक के कारण सौर ऊर्जा उत्पादन से जुड़ी देश की योजनाएं बुरी तरह बाधित हो रही थीं।

ताजा फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने महसूस किया कि इस तरह की एकतरफा रोक से बात नहीं बनती। पक्षियों को बचाना अगर महत्वपूर्ण है तो वैकल्पिक ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाने का देश का संकल्प पूरा होना भी जरूरी है। लिहाजा, कोर्ट ने नए आदेश में 13000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को इन पक्षियों के आवास के रूप में संरक्षित रखने और 77,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में ओवरहेड पावर ट्रांसमिशन लाइन पर लगी रोक हटाने की बात कही।

जलवायु बदलाव के प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए सरकार अपनी नीतियों में जो भी बदलाव ला रही हो, हालात की गंभीरता के मद्देनजर यह काफी नहीं माना जा रहा। इन प्रयासों को बल प्रदान करने के लिए इन्हें संवैधानिक मूल्यों से जोड़ने की जरूरत थी। जलवायु परिवर्तन से आम लोगों के जीवन पर पड़ते विपरीत प्रभावों और ऊर्जा की कमी जैसे संकटों को नागरिकों के जीवन व समानता के अधिकारों से जोड़कर सुप्रीम कोर्ट ने इसी जरूरत को पूरा करने की कोशिश की है। अगले दो दशकों में वैश्विक ऊर्जा की डिमांड में होने वाले कुल इजाफे का 25% भारत में होगा। पर्यावरण प्रदूषण का दबाव स्वच्छ ऊर्जा की जरूरत बढ़ाएगा। भारत में सौर ऊर्जा के विकास की अपार संभावना भी है। इसे देखते हुए ही भारत सरकार ने 2030 तक 500 गिगावॉट गैर जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने और 2070 तक शून्य उत्सर्जन की स्थिति में पहुंचने का लक्ष्य रखा है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले में इन सभी तथ्यों का ध्यान रखा गया है। कुल मिलाकर शीर्ष अदालत का यह फैसला ऐसा कानूनी नजरिया देता है जो पर्यावरण और पारिस्थितिकी को बचाए रखते हुए विकास सुनिश्चित करने की राह पर आगे बढ़ना आसान बनाएगा।

जीन थेरेपी काफी जटिल है, लेकिन रोमांचक भी है। इसमें दुर्लभ आनुवांशिक बीमारियों, कैंसर आदि से पीड़ित लोगों के लिए जीवन बदलने की क्षमता है। लेकिन सभी चिकित्सा उपचारों की तरह, जीन थेरेपी के उपयोग के भी सकारात्मक और नकारात्मक पहलू हैं।

जीन थेरेपी-एक नई जिंदगी, एक नई खोज

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

जीन थेरेपी अपेक्षाकृत नई है और इसके बारे में अभी भी बहुत कुछ है जो हम नहीं जानते हैं। वास्तव में जीन थेरेपी कितनी सफल होगी यह अभी भी अनिश्चित है। संभावित रूप से जीन थेरेपी से जुड़े कुछ ऐसे सवाल भी हैं, जिनका जवाब अभी तलाशना बाकी है।

सेहत के मोर्चे पर पिछले दिनों एक अच्छी खबर आई, जिसकी तरफ शायद बहुत कम लोगों का ध्यान गया। दरअसल देश में कैंसर उपचार के लिए पहली घरेलू जीन थेरेपी का शुरुआत हो गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 4 अप्रैल को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान- आईआईटी बॉम्बे में कैंसर उपचार के लिए भारत की पहली घरेलू जीन थेरेपी की शुरुआत की। देश की पहली जीन थेरेपी की शुरूआत कैंसर के खिलाफ हमारी लड़ाई में बहुत बड़ी सफलता है। उपचार की इस श्रृंखला का नाम 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' है, जो कैंसर इम्यूनोथेरेपी उपचार है। यह सुलभ और सस्ती है, इसलिए सभी लोगों के लिए आशा की एक नई किरण बनकर उभरी है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि यह थेरेपी अनगिनत मरीजों को नया जीवन देने में सफल होगी।

सीएआर-टी सेल थेरेपी को चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति में से एक माना जाता है। यह कुछ समय से विकसित देशों में उपलब्ध है, लेकिन यह बेहद महंगी है और दुनिया भर के अधिकांश रोगियों की पहुंच से बाहर है। देश की पहली सीएआर-टी सेल थेरेपी इंडस्ट्री पार्टनर इम्यूनोएसीटी के सहयोग से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे और टाटा मेमोरियल अस्पताल के समन्वय से विकसित की गई है।यह शिक्षा-उद्योग साझेदारी का एक सराहनीय उदाहरण है, जिससे इसी तरह के कई अन्य प्रयासों को प्रेरणा मिलेगी। आईआईटी बॉम्बे न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में प्रौद्योगिकी शिक्षा के मॉडल के रूप में विख्यात है। सीएआर-टी सेल थेरेपी के विकास में न केवल प्रौद्योगिकी को मानवता की सेवा में लगाया जा रहा है, बल्कि उद्योग के साथ-साथ दूसरे क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित संस्थान के साथ भी साझेदारी की गई है। यह आईआईटी, बॉम्बे द्वारा पिछले तीन दशकों में अनुसंधान और विकास पर दिए गए फोकस से संभव हुआ है। इस बारे में एक आम सवाल यह उठता है कि जीन थेरेपी आखिर क्या है? दरअसल जीन थेरेपी किसी आनुवंशिक समस्या को उसके स्रोत पर ही ठीक करने का एक तरीका हो सकता है। दोषपूर्ण जीन की एक सही प्रति जोड़कर, जीन थेरेपी रोगग्रस्त ऊतकों और अंगों को ठीक से काम करने में मदद करने का वादा करती है। यह दृष्टिकोण पारंपरिक दवा-आधारित दृष्टिकोण से अलग है, जो लक्षणों का इलाज तो कर सकता है, लेकिन अंतर्निहित आनुवंशिक समस्याओं का नहीं। जीन चिकित्सा का पहले पहल प्रयोग वर्ष 1990 में एक 4 वर्षीय लड़की में एडीनोसीन डीएमीनेज (एडीए) की कमी को दूर करने के लिए किया गया था। एडीए की कमी एससीआईडी (गंभीर संयुक्त इम्यूनो डिफिशिएंसी) का कारण बनती है जिसमें बी-लिम्फोसाइट्स और टी-लिम्फोसाइट्स नहीं बनते हैं।

क्या आपने कभी सोचा है कि आपकी आंखों का रंग, आपके बालों की बनावट और यहां तक कि आपके व्यक्तित्व के पहलू भी आपके जीन द्वारा निर्धारित होते हैं। आप जीन को शरीर की 'निर्देश पुस्तिका' के रूप में सोच सकते हैं। आपके जीन आपके शरीर को बताते हैं कि कैसे काम करना है। वे आपके शरीर की लगभग हर कोशिका में रहते हैं, और वे डीएनए नामक रसायन से बने होते हैं। हमारे जीन हमारे समग्र स्वास्थ्य में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक अद्वितीय जीन में एक डीएनए अनुक्रम होता है जिसे उस विशेष जीन के लिए सामान्य माना जाता है। लेकिन, कभी-कभी यह डीएनए अनुक्रम सामान्य से भिन्न होता है। इसे जीन वैरिएंट कहा जाता है। कभी-कभी ये विरासत में मिलते हैं, जिसका अर्थ है कि ये माता-पिता से बच्चे में स्थानांतरित हो जाते हैं।

यहीं पर जीन थेरेपी आती है। जीन थेरेपी हमें अपने डीएनए को संशोधित करने का एक तरीका देती है। लक्ष्य किसी भी असामान्य डीएनए को सामान्य स्थिति में लौटाना है। इसका अर्थ यह हो सकता है कि दोषपूर्ण जीन को स्वस्थ कॉपी से प्रतिस्थापित किया जाए। या, इसका मतलब दोषपूर्ण जीन को निष्क्रिय करना हो सकता है। इसका मतलब यह भी हो सकता है कि चिकित्सीय स्थिति के इलाज में मदद के लिए शरीर में एक पूरी तरह से नया जीन डाला जाए।

आम तौर पर, जीन थेरेपी एक वेक्टर, आमतौर पर एक वायरस का उपयोग करती है, एक जीन को उन कोशिकाओं तक पहुंचाने के लिए जहां इसकी आवश्यकता होती है। एक बार जब यह अंदर आ जाता है, तो कोशिका की जीन-रीडिंग मशीनरी आरएनए और प्रोटीन अणुओं के निर्माण के लिए जीन में मौजूद जानकारी का उपयोग करती है। फिर प्रोटीन (या आरएनए) कोशिकाओं में अपना काम कर सकते हैं। लेकिन जीन थेरेपी कोई आणविक पट्टी नहीं है, जो किसी भी आनुवंशिक समस्या को स्वचालित रूप से ठीक कर देगी। हालांकि कई विकारों या चिकित्सीय स्थितियों का संभावित रूप से जीन थेरेपी का उपयोग करके इलाज किया जा सकता है, लेकिन अन्य इस दृष्टिकोण के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

यदि आप आनुवंशिक दोष का इलाज करने की योजना बना रहे हैं, तो आपको यह जानना होगा कि किस जीन का पीछा करना है। आपकी प्रयोगशाला में जीन की एक डीएनए प्रति भी उपलब्ध होनी चाहिए। सर्वोत्तम संभव दृष्टिकोण तैयार करने के लिए, आपको यह जानने की ज़रूरत है कि विकार में जीन कैसे कारक होते हैं। उदाहरण के लिए, विकार किस सेल को प्रभावित करता है, आपको यह भी जानना होगा। इसके बाद जीन द्वारा एनकोड किया गया प्रोटीन उस सेल की कोशिकाओं के भीतर क्या भूमिका निभाता है, और जीन में उत्परिवर्तन प्रोटीन के कार्य को कैसे प्रभावित करते हैं। कभी-कभी जब कोई जीन दोषपूर्ण होता है, तो उससे कोई कार्यात्मक प्रोटीन नहीं बन पाता है। ऐसे मामलों में, जीन की एक प्रति जोड़ने से समस्या ठीक हो सकती है। लेकिन कभी-कभी एक दोषपूर्ण जीन एक प्रोटीन के लिए कोड करता है जो कुछ ऐसा करना शुरू कर देता है जो उसे नहीं करना चाहिए या दूसरे प्रोटीन को अपना काम करने से रोकता है। समस्या को ठीक करने के लिए, आपको विकार पैदा करने वाले प्रोटीन से छुटकारा पाना होगा। इस तरह हम कह सकते हैं कि जीन थेरेपी एक ऐसी तकनीक है जो बीमारी का इलाज करने के लिए किसी व्यक्ति के जीन को संशोधित करती है। जीन थेरेपी कई स्तरों पर काम कर सकती है-

1- रोग पैदा करने वाले जीन को जीन की स्वस्थ कॉपी से बदलना।
2- रोग पैदा करने वाले जीन को निष्क्रिय करना, जो ठीक से काम नहीं कर रहा है।
3- किसी बीमारी के इलाज में मदद के लिए शरीर में एक नया या संशोधित जीन डालना।

कैंसर, आनुवांशिक बीमारियों और संक्रामक रोगों सहित बीमारियों के इलाज के लिए जीन थेरेपी का अध्ययन किया जा रहा है। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक चलता रहा, तो आने वाले समय में जानलेवा बीमारियों पर भी चिकित्सा विज्ञान की हुकूमत कायम होगी।

(ये लेखक के अपने विचार है)

अब होगा एनीमिया मुक्त भारत!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

गीता यादव
पत्रकार
@jagrukjanta.net

आयरन की कमी के कारण भारत का हर तीसरा बच्चा जन्म के समय कम वजन का होता है। 'संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन की भारत के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य की रिपोर्ट भयावह तस्वीर पेश करती है। इसे 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की रिपोर्ट और खतरनाक बना देती है। 70 फीसदी भारतीय महिलाओं और बच्चों में आयरन, जिंक और कैल्शियम जैसे पौष्टिक तत्वों की गंभीर कमी होती है। भारत में प्रसव के दौरान होने वाली 20 से 40 फीसदी मौतें, एनीमिया के चलते होती हैं। पूरी दुनिया में जितनी मौतें होती हैं, उनका आधा केवल भारत में होती हैं। एनीमिया से सबसे ज्यादा पीड़ित गर्भवती महिलाएं होती हैं। लेकिन एक नए अध्ययन में सामने आया है कि पुरुष भी इसकी गिरफ्त में तेजी से आ रहे हैं। 'द लैंसेट ग्लोबल हेलि' में प्रकाशित एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि भारत में 15 से 54 वर्ष के लोगों में चार में से एक पुरुष किसी न किसी रूप में एनीमिया का शिकार है। एनीमिया का मतलब है, हीमोग्लोबिन में कमी होना। इसकी गंभीरता थकान, कमजोरी, चक्कर आना और उनींदापन जैसी स्थिति उत्पन्न करती है। इसकी वजह से विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और बच्चों में कमजोरी देखी जाती है। विभिन्न आयु वर्गों में इसकी स्थिति अलहदा होती है। आयरन की कमी एनीमिया का सबसे बड़ा कारण है। हालांकि अन्य स्थितियां जैसे, फोलेट बीटामिन बी-12 और विटामिन ए की कमी, पुराना सूजन, परजीवी संक्रमण और आनुवंशिक विकार आदि भी एनीमिया का कारण हो सकते हैं। देश में गर्भावस्था से जुड़ा एनीमिया, स्वास्थ्य से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा है। जो न केवल मां, बल्कि विकसित हो रहे भ्रूण दोनों पर बुरा असर डालता है। 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक एनीमिया एक ऐसी स्थिति है, जिसके दौरान रक्त में मौजूद लाल रक्त कोशिकाओं या हीमोग्लोबिन की मात्रा सामान्य से कम हो जाती है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे- 5 के अनुसार देश में 52.2% गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित होती हैं। जिनमें हीमोग्लोबिन की मात्रा 11 ग्राम प्रति डेसी लीटर से कम होता है। करीब 10-20% गर्भवती महिलाएं मध्यम स्तर के एनीमिया (हीमोग्लोबिन 9.9-7 ग्राम प्रति डेसी लीटर) से पीड़ित होती हैं। वहीं करीब तीन प्रतिशत गर्भवती महिलाएं गंभीर एनीमिया से पीड़ित होती हैं, जिनके ब्लड में हीमोग्लोबिन की मात्रा सात मिलीग्राम से कम होती है। आंकड़ों के अनुसार जहां 2019 से 2021 के बीच शहरी क्षेत्रों में रहने वाली 50 फीसदी से अधिक गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित थीं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इनका आंकड़ा शहरों से अधिक रिकॉर्ड किया गया था। विशेषज्ञों के अनुसार भारतीयों के खान-पान में पोषण की कमी इसकी एक बड़ी वजह है। राजस्थान के झालावाड़ में गर्भवती महिलाओं पर किए एक अध्ययन से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली 81.1 फीसदी गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। इस अध्ययन में यह भी सामने आया है कि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया समय से पहले जन्म, भ्रूण के विकास के साथ-साथ गर्भपात और उच्च शिशु मृत्यु दर से लेकर मातृ मृत्यु के 20 से 40 फीसदी मामलों के लिए जिम्मेदार है। ऐसा नहीं है कि सरकार इसको लेकर गंभीर नहीं है। भारत में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम के लिए कई उपाय किए गए हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन और फोलिक एसिड की खुराक वितरित करना और पोषण के बारे में जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना जैसे प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद गर्भवती भारतीय महिलाओं में एनीमिया एक आम समस्या बनी हुई है। इस अध्ययन के जो निष्कर्ष सामने आए हैं उनके मुताबिक भारत में 50 फीसदी से अधिक गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। जिसका महत्वपूर्ण संबंध उनकी भौगोलिक स्थिति, शिक्षा के स्तर और आर्थिक समृद्धि से जुड़ा है। रिसर्च के मुताबिक गर्भावस्था से संबंधित एनीमिया अपर्याप्त पोषक आहार, आयरन की पर्याप्त मात्रा न मिल पाना या पहले से मौजूद स्थितियों के कारण हो सकता है। हैरानी की बात यह है कि शौचालय भी इस पर व्यापक असर डालते हैं। एक रिसर्च के अनुसार बेहतर शौचालय सुविधाओं का उपयोग करने वाली महिलाओं में गंभीर से मध्यम एनीमिया होने की आशंका साढ़े सात फीसदी कम होती है। वहीं यदि भौगोलिक रूप से देखें तो भारत के दक्षिणी हिस्सों की तुलना में पूर्वी क्षेत्रों में एनीमिया का प्रसार 17.4 फीसदी अधिक है। इसलिए भारत सरकार का पूरा ध्यान इस बीमारी का जड़ से खात्मा करने पर है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 2018 में ही 'एनीमिया मुक्त भारत' की रणनीति बनाई थी। इस अभियान का उद्देश्य पोषण अभियान, टेस्टिंग, डिजीटल तरीके और पॉइंट ऑफ केयर का उपयोग करके एनीमिया का इलाज, फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों का प्रावधान और सरकार द्वारा वित्त पोषित सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा जागरूकता बढ़ाना है।

ये लेखक के अपने विचार है

युद्ध की देवी दुर्गा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

डॉ. मोनिका
@jagrukjanta.net

प्राचीन काल में जीव नकारात्मक शक्तियों के प्रभाव से स्वयं परेशानियों से नहीं निकल पा रहे थे। देवी देवता अमर हैं अतः वह निरंतर असुरों के त्रास से व्याकुल थे। मनुष्य असुरक्षित होकर कभी प्राकृतिक आपदाओं से, कभी सुख संसाधनों की कमी से, कभी पशु पक्षियों से या कभी आपस में ही परेशानियों से घिरे हुए थे। पशु पक्षी व असुर प्राकृतिक आपदाओं के कारण निरंतर मृत्यु को प्राप्त हो रहे थे। ऐसी स्थिति में आदिशक्ति ने दुर्गा देवी रूप में जीवों की पीड़ाओं को हरने के लिए अवतरण किया।

जीवों की परेशानी देखते हुए अधिक विलंब ना करते हुए दुर्गा देवी ने सीधे स्त्री रूप में अवतरण किया। उन्होंने ब्रह्मांड की सर्वश्रेष्ठ दैविक शक्तियां धारण कीं जो की नकारात्मक शक्तियों पर विजय हासिल करने में सक्षम हों। उन्होंने देवी देवताओं की सर्वश्रेष्ठ शक्तियों का चुनाव किया। देवी देवताओं की सर्वश्रेष्ठ शक्तियां नकारात्मक शक्तियां देखते ही युद्ध को प्रस्तुत हो गईं। देवी देवताओं की शक्तियों को नकारात्मक शक्तियों में असुर प्रतीत होने लगे। दुर्गा देवी युद्ध में प्रवृत्त होकर नकारात्मक शक्तियों को समाप्त करने लगीं। दुर्गा देवी दिन रात नकारात्मक शक्तियों से युद्ध कर सामान्य जीवन को त्रास देने वालों को समाप्त करने लगीं। इस प्रकार वह युद्ध की देवी रूप में विख्यात हुईं।

(ये लेखक के अपने विचार है)

सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव

किसी भी व्यक्ति को यदि उसे अपने सांसारिक जीवन में, भौतिक जीवन में सुखी होना है, शांति प्राप्त करनी है। जीवन सरल बनाना है तो इसके लिए एक ही सनातन मंत्र है-अपने माता-पिता की सेवा करें। उनके दिल को ठंडक मिलेगी तो दुनियां के तमाम सुख घर बैठे ही आपको मिल जाएंगे। यदि संसार से मुक्ति चाहिए तो सद्गुरु की शरण में जाएं । वे हमें परमात्मा के प्रेम का अनुभव करवाते हैं। वे हमें जन्म-मरण, राग-द्वेष व अज्ञानता से मुक्ति दिलाते हैं। सद्गुरु की आज्ञा का पालन ही धर्म है, वही तप है वही उनकी सेवा है। सेवा का फल गुरु की कृपा और कृपा का फल मुक्ति होती है। धर्म किसे कहते हैं? हम सभी को सुख दें यह सबसे बड़ा धर्म है। मन, वचन, कर्म एक रूप हो जाएं यानि जैसा मन में हो वैसा ही वाणी में हो और वैसा ही काया में अर्थात् कर्म में हो, यही धर्म है। सब के साथ सामंजस्य हो, मन का समाधान हो, यही धर्म है। कोई अपमान करे तो भी संयम रहे यही धर्म है। जहां तनिक भी कामना है वहां धर्म नहीं है। सभी दुःखों से मुक्त करे और हमें स्थिरता प्रदान करे वहीं धर्म है। विरोधाभासी व्यवहार अधर्म है और अविरोधाभासी व्यवहार धर्म है। जो सही परिणाम दे, वही धर्म है। अशुभ से शुभ में आना लौकिक धर्म है और शुद्ध में आना अलौकिक धर्म है। **क्रमशः**

ओपिनियन

ब्रह्माजी के 'सृष्टि सृजन' का पर्व है 'नवरात्र'

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

दिलीप शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

नवरात्र शब्द से 'नव अहोरात्रों' (विशेष रात्रियां) का बोध होता है। इस समय शक्ति के नौ रूपों की उपासना की जाती है, क्योंकि 'रात्रि' शब्द सिद्धि का प्रतीक माना जाता है। ज्योतिषीय दृष्टि से चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व है, क्योंकि इस नवरात्र की अवधि में सूर्य का राशि परिवर्तन होता है। सूर्य 12 राशियों में भ्रमण पूरा करते हैं और फिर से अगला चक्र पूरा करने के लिए पहली राशि मेष में प्रवेश करते हैं। सूर्य और मंगल की राशि मेष दोनों ही अग्नि तत्ववाले हैं, इसलिए इनके संयोग से गर्मी की शुरुआत होती है। या यूं कहे नवरात्र वह समय है, जब दोनों रितुओं का मिलन होता है। इस संधि काल मे ब्रह्मांड से असीम शक्तियां ऊर्जा के रूप में हम तक पहुंचती हैं। मुख्य रूप से हम दो नवरात्रों के विषय में जानते हैं - चैत्र नवरात्र एवं आश्विन नवरात्र। चैत्र नवरात्रि गर्मियों के मौसम की शुरूआत करता है और प्रकृति मां एक प्रमुख जलवायु परिवर्तन से गुजरती है। यह लोकप्रिय धारणा है कि चैत्र नवरात्र के दौरान एक उपवास का पालन करने से शरीर आगामी गर्मियों के मौसम के लिए तैयार होता है। इसमें मां भगवती के सभी नौ रूपों की उपासना की जाती है। इस समय आध्यात्मिक ऊर्जा ग्रहण करने के लिए लोग विशिष्ट अनुष्ठान करते हैं। इस अनुष्ठान में देवी के रूपों की साधना की जाती है। पुराण और ग्रंथों के अनुसार, चैत्र नवरात्रि सबसे महत्वपूर्ण नवरात्रि है जिसमें देवी शक्ति की पूजा की जाती थी। रामायण के अनुसार भी भगवान राम ने चैत्र के महीने में देवी दुर्गा की उपासना कर रावण का वध कर विजय प्राप्त की थी। इसीलिए चैत्र नवरात्रि पूरे भारत में, खासकर उत्तरी राज्यों में धूमधाम के साथ मनाई जाती है। हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में बहुत लोकप्रिय है। महाराष्ट्र राज्य में यह 'गुड़ी पड़वा' के साथ शुरू होती है, जबकि आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों में, यह उत्सव 'उगादी' से शुरू होता है। धार्मिक दृष्टि से भी इसका विशेष महत्व है, क्योंकि ब्रह्मपुराण के अनुसार नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थीं और देवी के कहने पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को सूर्योदय के समय ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि निर्माण का काम शुरू किया था, इसलिए इसे सृष्टि के निर्माण का उत्सव भी कहा जाता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि संपूर्ण सृष्टि प्रकृतिमय है और हम जिसे पुरुष रूप में देखते हैं, वह भी आध्यात्मिक दृष्टि से प्रकृति यानी स्त्री रूप है। स्त्री से यहां तात्पर्य यह है कि जो पाने की इच्छा रखनेवाला है, वह स्त्री है और जो इच्छा की पूर्ति करता है, वह पुरुष है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से 9 दिनों तक चलने वाला नवरात्रि आरंभ हो जाता है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। समापन 17 अप्रैल को राम नवमी पर होगा। इस बार चैत्र नवरात्रि बहुत ही शुभ योग चंद्रमा और बृहस्पति की युति से गजकेसरी योग बन रहा है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में सभी राजयोगों में गजकेसरी योग का विशेष महत्व होता है। गजकेसरी राजयोग को बहुत ही शुभ और शक्तिशाली माना जाता है। यह योग तब बनता है जब बृहस्पति और चंद्रमा की युति किसी एक राशि में होती है या फिर इन दोनों ग्रहों की दृष्टि पड़ रही हो। कुंडली में गजकेसरी राजयोग पहले, चौथे, सातवें और दसवें भाव में बनता है। जिन लोगों की कुंडली में गजकेसरी राजयोग होता है। वे जातक तीव्र बुद्धि वाले होते हैं। ये अपने करियर में उच्च स्थान पर पहुंचते हैं। इनको समाज में मान-सम्मान प्राप्त होता है। चैत्र नवरात्रि पर बन रहे गजकेसरी योग से कुछ राशि वालों के लिए किस्मत बदलने वाली हैं। यह योग आपके लिए खुशियों की सौगातें लाएंगे। जो लोग नौकरीपेशा हैं उनके कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव आ सकता है। नई नौकरी की तलाश करने वाले जातकों को नए और अच्छे अवसरों की प्राप्ति हो सकती है। शत्रु पराजित होंगे। घर और परिवार में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। उधार दिया गया धन वापस मिल सकता है। समाज में आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी हो सकती है। आदिकाल से ही न केवल मनुष्य, बल्कि ईश्वर भी आद्याशक्ति की उपासना करते रहे हैं। देवी स्वरूप में ऊषा की स्तुति ऋग्वेद में तीन सौ बार करने का उल्लेख है। शुक्ल प्रतिपदा को सृष्टि की रचना के साथ नौ दिनों तक आद्याशक्ति मां भगवती की आराधना का नवरात्र उत्सव प्रारंभ होता है। नवरात्रि के प्रथम दिन, नव संवत्सर की प्रथम रात्रि का चैत्र शुक्ल प्रथम दर्शन ही चैत्र चंद्र दर्शन है, जिसे उत्सव रूप में मनाया जाता है। इसे ही 'चैतीचंद्र महोत्सव' कहा जाता है।

(ये लेखक के अपने विचार है)

जागरूक जनता Selfie विद सन

सौरभ सिंह मौसी संतोष कंवर प्रतापगढ़ अलवर

हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

पंचांग

ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री

साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 09/04/2024

सूर्योदय : 06:11 **सूर्यास्त :** 18:44 **चन्द्रोदय :** 07:00 **चन्द्रास्त :** 20:45 **शक सम्वत :** 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना :** चैत्र **पूर्णिमांत :** चैत्र **सूर्य राशि :** मीन **चन्द्र राशि :** मेष **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** द्वितिया, 17:37 तक **वार :** बुधवार **चन्द्रमास चैत्र :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2081 पिङ्गल **चैत्र :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2080 राक्षस

नक्षत्र, योग, करण

नक्षत्र : भरणी, 27:07 तक
योग : विष्कंभ, 10:39 तक
प्रथम करण : बालवा, 06:59 तक
द्वितिय करण : कौवाला, 17:37 तक

शुभ समय

ब्रह्म मुहूर्त	04:30 ए एम से
प्रातः सन्ध्या	04:53 ए एम से
विजय मुहूर्त	02:30 पी एम से
गोधूलि मुहूर्त	06:43 पी एम से
सायाह्न सन्ध्या	06:44 पी एम से
अमृत काल	10:42 पी एम से
निशिता मुहूर्त	11:59 पी एम से
सर्वार्थ सिद्धि योग	3:5 ए एम, अप्रैल 11 से
रवि योग	3:5 ए एम, अप्रैल 11 से

निवास और शूल
दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : पूर्व
अग्निवास : पृथ्वी

चौघड़िया

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया
लाभ	: 06:10 - 07:45	उद्वेग : 18:44 - 20:09
अमृत	: 07:45 - 09:19	शुभ : 20:09 - 21:35
काल काल वेला	: 09:19 - 10:53	अमृत : 21:35 - 23:01
शुभ	: 10:53 - 12:27	चर : 23:01 - 00:26
रोग वार वेला	: 12:27 - 14:01	रोग : 00:26 - 01:52
उद्वेग	: 14:01 - 15:35	काल : 01:52 - 03:18
चर	: 15:35 - 17:09	लाभ : 03:18 - 04:44
लाभ	: 17:09 - 18:44	उद्वेग : 04:44 - 06:09

अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।

आज द्वितीया

आज कौन सा कार्य करें

द्वितीया को राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं।

बुधवार को क्या करें

बुधवार की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
ये कार्य करें :- सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
यह कार्य न करें:- उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

नोट : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

राशिफल

चैत्र, शुक्ल, द्वितीया, 2081 बुधवार, 10 अप्रैल - 16 अप्रैल, 2024

मेष [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
राजनीतिक लोगों को षड्यन्त्रों का सामना करना पड़ सकता है। अड़ियल रवैये से नुकसान हो सकता है। सेहत को लेकर थोड़ा चिन्तित रहेंगे। जीवनसाथी की सलाह लेकर निर्णय लेना हितकर होगा।

वृषभ [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यवसाय में खर्चों को नियन्त्रित करने का प्रयास करेंगे। पिता के व्यवहार से थोड़ा निराश हो सकते हैं। वकीलों को किसी बड़े केस में जीत मिल सकती है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम व सम्मान बढ़ेगा।

मिथुन [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
कार्यक्षेत्र में गलतियों से अधिकारी वर्ग नाराज हो सकते हैं। गुस्सा सहकर्मियों पर न उतारें। परिजन आपसे प्रसन्न रहेंगे। धर्म-कर्म पर धन खर्च होगा। बिगड़े सम्बन्धों को सुधारने का प्रयास करें।

कर्क [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
उधार दिया हुआ धन परेशानी खड़ी कर सकता है। घरेलू वातावरण सामान्य रहेगा। आप किसी गम्भीर विषय पर चिन्तन कर सकते हैं। अनावश्यक कार्यों को लेकर आप परेशान रहेंगे।

सिंह [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
जॉब में असन्तोष उत्पन्न होगा। गुस्से के कारण काम बिगड़ सकते हैं। अपने कार्यों को लेकर गम्भीर रहेंगे। सहकर्मियों के प्रति मन में द्वेष पनप सकता है। भुजाओं में दर्द की शिकायत हो सकती है।

कन्या [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद मिल सकता है। इंटरव्यू आदि में सफलता मिलेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ जायेंगे।

तुला [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
धन को लेकर अटके हुये काम बनेंगे। झूठ बोलने से परहेज करें। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। माता-पिता की सलाह लेना उत्तम होगा। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

वृश्चिक [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। परिवार का साथ मिलेगा। मांगलिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। सभी काम बिना रुकावट के पूर्ण होंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

धनु [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
सरकारी कार्यों में समस्या हो सकती है। चिड़चिड़ेपन से लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। शुभचिंतकों से विवाद न करें। समुद्री तट के समीप रहने वाले लोगों को कार्यों में सफलता मिलेगी।

मकर [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। पुराने निवेश से लाभ होगा। कारोबार में बड़ा बदलाव कर सकते हैं। सन्तान के व्यवहार से आपको प्रसन्नता होगी। जीवनसाथी आपकी भावनाओं को समझेगा।

कुंभ [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
व्यवसाय में नये प्रयोग कर सकते हैं। सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में सम्मान मिल सकता है। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मीन [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
विदेशों में रह रहे लोग स्वदेश लौटने का विचार कर सकते हैं। व्यापार में बड़ी डील मिलने की सम्भावना बन रही है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

पुजारी संघ सहित अन्य संगठनों ने दिया मंजू शर्मा को समर्थन

द्रव्यवती नदी प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारेंगे-मंजू

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। लोकसभा जयपुर भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने सिविल लाईंस विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर जनसंपर्क किया। उनके जनसंपर्क कार्यक्रम और स्वागत सभाओं में महिलाओं की भारी भीड नजर आई। सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं में मंजू शर्मा के प्रति विशेष लगाव नजर आया। आज पूरे दिन प्रचार की कमान भी महिलाओं ने ही संभाली और जनसभाओं को भी संबोधित किया। इस दौरान सोडाला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर हुए स्वागत कार्यक्रमों तथा जनसभाओं में मंच भी महिलाओं ने ही संभाला और मंजू शर्मा की जीत के लिए आमजन से भाजपा को वोट देने की अपील की। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कई महिलाएं साफा लगाए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के साथ कदम से कदम मिलाती नजर आई। दिनभर चले प्रचार कार्यक्रम के तहत करीब एक दर्जन स्थानों पर जनसभाओं का भी आयोजन किया गया।

जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि राज्य में अब डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। सभी लोगों को लोकसभा चुनावों में भाजपा को सभी सीटों पर जीत का तोहफा देना है। उन्होंने कहा कि सिविल लाइंस क्षेत्र में अमानीशाह नाले के निकट अनियोजित बसावट के कारण लोगो को परेशानी उठानी पड रही है, सांसद बनने के साथ ही उनका पहली प्राथमिकता प्लान बनाकर सुव्यवस्थित बसावट की रहेगी। वहीं द्रव्यवती नदी प्रोजेक्ट को पिछले कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिया था, इस पर जल्द ही वापस काम शुरू करवाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट धरातल पर उतरने के बाद यहां द्रव्यवती नदी के आस पास रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में परिवर्तन आ जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र में यातायात की समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार करने की योजना पर काम होगा जिससे लोगों को बार बार यातायात जाम के कारण होने वाली समस्याओं से निजाद मिल सके। केन्द्र सरकार की योजनाएं गिनाते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे, आईआईटी, एम्स, आईआईएम, हर घर नल जैसी योजनाओं से आम आदमी को फायदा पहुंचा है। आज 80 करोड़ लोगों को देश में राशन मिल रहा है। 60 करोड़ को 5 लाख का बीमा, 12 करोड़ किसानों को पेंशन, 12 करोड़ परिवारों को शौचालय, 10 करोड़ घरों में उज्ज्वला, ढाई करोड़ लोगों को फ्री बिजली मिल रही है। इन योजनाओं को दायरा तब तक बढता रहेगा जब तक देश और प्रदेश में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को इनका लाभ नहीं मिल जाता। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि अभी तीन माह पहले ही विधानसभा चुनावों में राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को आईना दिखाया है, अब लोकसभा चुनावों में भी भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर आमजन कांग्रेस को जवाब देने के लिए तैयार है।

गणगौर उत्सव के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। गणगौर उत्सव के लिए जयपुर विश्वभर में विख्यात है। उत्सव के तहत 11 अप्रैल को गणगौर की सवारी एवं 12 अप्रैल को बूढ़ी गणगौर की सवारी शाम 6 बजे जनानी डयोढ़ी सिटी पैलेस से रवाना होकर त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होती हुई पालका बाग पहुंचेगी। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि गणगौरी की सवारी को देखने के लिए देश-विदेश से सैलानी जयपुर पहुंचते हैं। अतः दर्शकों की सुरक्षा एवं उत्सव में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयुक्त नगर निगम हैरिटेज को सवारी मार्ग पर सफाई, पेयजल व्यवस्था, रोशनी की व्यवस्था, पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन वाहन मय आवश्यक उपकरण एवं स्टाफ तैनात करवाये जाने के निर्देश दिये गए हैं।

राज्यपाल 3 दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को वाराणसी पहुंचे

जयपुर/ वाराणसी @ जागरूक जनता। राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार को वाराणसी स्थित प्रसिद्ध संकटमोचन हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में हनुमानजी के दर्शन कर वहाँ विशेष पूजा–अर्चना की। मिश्र ने संकटमोचक हनुमान जी से देश और प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल मिश्र तीन दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को राजकीय वायुयान से वाराणसी पहुंचे। यहां वह विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उनका 11 अप्रैल की सांय जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।

राहुल की फलौदी में जनसभा कल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जोधपुर। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 11 अप्रेल को पहली बार फलोदी आएंगे। वे मैजर शैतानसिंह स्टेडियम में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जनसभा को लेकर प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा ने एक समिति का गठन किया है। इसमें फलोदी विधानसभा कांग्रेस नेता प्रकाश छंगाणी, पोकरण के पूर्व विधायक सालेह मोहम्मद, लोकसभा समन्वयक जोधपुर महेन्द्र चौधरी, लोहावट के पूर्व विधायक किसनाराम बिश्नोई, जोधपुर देहात जिलाध्यक्ष हीराराम मेघवाल, जैसलमेर के जिलाध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। यह समिति जनसभा की व्यवस्थाओं में समन्वय व सहयोग करेंगी।

बैठक में तैयारियों पर चर्चा

जनसभा को लेकर कांग्रेस नेताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसको लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया और व्यवस्थाओं के साथ भीड़ जुटाने सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। बैठक में कांग्रेस नेता प्रकाश छंगाणी की अगुवाई में हुई। इसमें सभापति पन्नालाल व्यास, उपसभापति सलीम नागौरी, कुम्भसिंह पातावत, पूर्व प्रधान माणक मेघवाल, शहर अध्यक्ष सत्यनारायण गुचिया, पार्षद अशोक व्यास, एडवोकेट श्रीगोपाल व्यास, शमू खान, एडवोकेट समस्तदीन मंगलिया आदि ने भाग लिया।

राज्यपाल को पुस्तक मौन की प्रति भेंट



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से यहां राजभवन में यज्ञ आचार्य एवं मेडिटेशन एक्सपर्ट डॉ.निर्मला सेवानी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर राज्यपाल को डॉ.निर्मला सेवानी ने खुद की लिखी पुस्तक मौन, ए मीटिंग विद साइलेंस की प्रति भेंट की। हे हाउस इंडिया पब्लिशर्स की इस पुस्तक छोटी-छोटी कहानियों में यज्ञ विधा, बीज मंत्र से लेकर मंत्र विस्तार, जीवन दर्शन, मेडिटेशन व वास्तु विधा समेत समसामयिक संदर्भों को सूक्ष्मता से समावेश किया है। इसके अलावा वाइब्रेशन की दुनिया और भारतीय वैदिक ज्योतिष के अनेक अनुत्तरित सवालों के जवाब भी हैं जो पाठकों की जिज्ञासाओं का मार्गप्रशस्त करेंगे। इस पुस्तक के 304 पेज के कुल 23 अध्याय में जीवन के रहस्यों को उजागर करने का पुरजोर प्रयास किया है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार कार्यक्रम आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जीएल सैनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के डायरेक्टर यशपाल यश ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं ड्रामा, कविता के रूप में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रिंसिपल डॉ.हितेश गौतम ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार की विस्तृत जानकारी दी एवं स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए विभिन्न तरीकों से बचाव के उपाय बताएं, और मंच का संचालन करते हुए कृष्ण कांत सोनी ने बच्चो को स्वास्थ्य का रखरखाव और उसके कैसे बेहतर बनाया जाए उस संदर्भ में जानकारी दी कार्यक्रम में डा.मनमीत सिंह ने सभी स्टाफ और मैनेजमेंट का विशेष सहयोग के लिए धन्यवाद किया और उपस्थित सभी श्रोताओं का भी धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण एवं अल्पाहार दिया गया। इस मौके पर राजीव चतुर्वेदी, पवन कुमार, धीरज शर्मा, मनीषा सिंह, प्रिया शर्मा, प्रशांत कुमार, योगेश, लवकुश, धीरज कुमार, नेहा आदि मौजूद रहे।

भारतीय नव वर्ष मंगलमय हो

जागरूक जनता। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर के मौके पर 'मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार' कार्यक्रम के तहत प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. संजय कुमार बैरवा ने कहा कि प्राकृतिक तौर तरीके से अपने स्वास्थ्य को स्वस्थ्य रख कर अपने स्वयं को प्राकृतिक चिकित्सक मानकर स्वास्थ्य को स्वस्थ्य रखने महत्वपूर्ण अधिकार समझकर स्वस्थ्य रहे। इस मौके पर सभी को भारतीय नववर्ष की मंगलकामना प्रेषित की है।

होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

जयपुर @ जागरूक जनता। गुहाला क्षेत्रीय नागरिक परिषद (नीमकाथाना), जयपुर के तत्वाधान मे केसर बाग मैरिज गार्डन, सिरसी रोड जयपुर मे प्रथम होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया, कार्यक्रम मे श्री श्याम भजन संकीर्तन परिवार के द्वारा सुन्दर बाबा खाटू श्याम जी के भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसका सभी ने श्याममय होकर भक्ति मे उल्लास का आनंद लिया, इस अवसर पर परिषद के संरक्षक श्री बनवारी लाल नाटिया ने बताया की हम इस परिषद के द्वारा सदैव ग्राम गुहाला के निवासियों का आपस मे मेल जोल, ग्राम का विकास, सभी को सुख दुःख मे सभी का साथ देना एवं गुहाला से सम्बंधित अविवाहित युवक युवतियों का रिश्ता तय करवाना निश्चित हुवा, ग्राम गुहाला से सभी सम्बंधित लोग कई वर्षो के बाद आपस मे मिल कर खुश हुए और आंनदित हुए, सभी ने इस तरह के आयोजन को बहुत सुन्दर एवं सफल बताया! कार्यक्रम को सफल बनाने मे परिषद के बनवारी लाल नाटिया, मथुरा प्रसाद मोदी, अमीलाल महरिया, अतर सिंह, ओम सिंह, मनीष गोयल, राजेश शर्मा, हरि मोदी, लोकेश अग्रवाल, महेश जांगिड़, करण सिंह, मुकेश नायक, महेश भाऊका,डा गंगाराम सैनी, राजेश शर्मा, आदि उपस्थित थे।

अनुमतियां जारी की गयी, 'फर्स्ट इन फर्स्ट आउट' सिद्धांत पार्टियों और उम्मीदवारों को समान अवसर देता है- गुप्ता

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया है कि लोकसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद से अब तक सुविधा पोर्टल के जरिये राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को विभिन्न प्रकार की कुल 1686 अनुमतियाँ जारी की गई हैं। उन्होंने बताया कि कुल 2,340 आवेदनों में से 1686 को अनुमति दे दी गयी है, 86 अभी पेंडिंग है जिन पर कार्यवाही जारी है, 480 को अधुरी जानकारी के कारण निरस्त कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग को चुनावों की घोषणा और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद से केवल 20 दिनों की अवधि में सुविधा प्लेटफ़ॉर्म पर राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से अनुमति संबंधी 73,379 अनुरोध प्राप्त हुए। इनमें से 44,626 अनुरोध (यानी 60 प्रतिशत) स्वीकार कर लिए गए। लगभग 11,200 अनुरोधों (15%) को अस्वीकार कर दिया गया। इनमें से 10,819 आवेदन अमान्य या डुप्लीकेट होने के कारण रद्द कर दिए गए। गुप्ता ने बताया कि सुविधा पोर्टल स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों के लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखने और सभी को समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित एक तकनीकी व्यवस्था है। सुविधा पोर्टल ने चुनाव अवधि के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से अनुमति और सुविधाओं के आवेदन प्राप्त करने और उन पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया को बेहद सुव्यवस्थित बना दिया है। चुनाव अवधि के महत्व को देखते हुए, जहां पार्टियां और उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए निरंतर गतिविधियों में संलग्न होते हैं, वहां सुविधा पोर्टल "फर्स्ट इन फर्स्ट आउट" सिद्धांत पर पारदर्शी रूप से विभिन्न प्रकार के अनुमति आवेदनों का त्वरित निवारण करता है। इस पोर्टल के जरिये रैलियों के आयोजन, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, घर-घर जाकर प्रचार करने, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट देने सहित पर्चे बांटने की अनुमति भी दी जाती है।

ANCHOR

रानीवाड़ा और भीनमाल में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

36 कौम वैभव को भारी बहुमत से जिताएंगे-गहलोत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सांचौर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रानीवाड़ा में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत की। जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि 36 कौमों ने मेरा साथ दिया इसलिए ही मैं 3 बार मुख्यमंत्री बन पाया। मुझे पूरा विश्वास है कि वैभव को भी 36 कौमों का पूरा प्यार मिलेगा और वे उसे भारी मतों से विजयी बनाएंगे। गहलोत ने कहा कि जालोर के सांसद अपने लोगों के लिए ही काम नहीं कर पाए। संसद में खुल कर अपने लोगों के लिए नहीं बोल पाए। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी का सांसद अपनी जनता के बारे में ना सोच कर सिर्फ अपनी कुर्सी की सोचे उसे जनता जनार्दन सबक सिखा देती है। भाजपा ने 20 साल से रानीवाड़ा सहित जालोर लोकसभा क्षेत्र की उपेक्षा की है। जोधपुर की तर्ज पर जालोर का विकास कराएंगे अशोक गहलोत ने कहा कि जालोर, सांचौर, सिरोही का विकास उसी तरह कराया जायेगा, जिस तरह जोधपुर का विकास कराया। आज जोधपुर में रेल, एम्स, एयरपोर्ट, पानी, यूनिवर्सिटीज की बेहतरीन व्यवस्थाएं हैं। उन्होंने कहा की मैं खुद, वैभव गहलोत, सभी विधायक, कांग्रेस कार्यकर्ता मिलकर इसके लिए प्रयास करेंगे। इससे पहले अशोक गहलोत ने गौधाम महातीर्थ पथमेड़ा में जाकर गौपूजन किया। वह बुधवार को आहोर में सुबह 10 बजे कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इन्होंने भी किया संबोधित इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, बद्रीराम जाखड़ ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इनके अलावा उमसिंह चांदराई, महेंद्र गहलोत, वरदाराम, जीवाराम मेघवाल, मोतीराम चौधरी, भूपेंद्र सिंह देवड़ा, रानसिंह भौमिया, पार्वती जीनगर, भीखाराम बिश्नोई, राधेश्याम चौधरी, मूलाराम सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। 14 को प्रियंका गांधी भीनमाल आ रही हैं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को भीनमाल में भी कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वैभव गहलोत के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने 14 अप्रैल को प्रियंका गांधी भीनमाल आ रही हैं। आपको अधिक से अधिक लोगों को साथ जोड़ना है। जननायक गहलोत ने कहा कि उन्होंने वैभव को आपको सौंप दिया है और अब वह भीनमाल सहित जालोर लोकसभा क्षेत्र की जनता की तन, मन धन से सेवा करेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन में राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, भीनमाल विधायक समरजीत सिंह, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, श्रवण ढाका, शिवनारायण बिश्नोई सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

गवर्नमेंट बॉडी जेकेके में प्राइवेट पीआर एजेंसी का क्या काम?

पूनम चन्द्रा
jagrukjanta.net

जयपुर @ जागरूक जनता। गवर्नमेंट बॉडी जवाहर कला केन्द्र में तकरीबन एक दशक से खबरों का काम प्राइवेट पीआर एजेंसी के जरिए किया जा रहा है, जो साल दर साल सरकार से लाखों रुपए का पैमेंट उठा रहे हैं। यह बात समझ से परे है कि राज्य सरकार के पास सरकारी जनसंपर्क अधिकारी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी की अच्छी तादाद है। इसके बाद भी जेकेके में उन्हें नियुक्त नहीं किया जा रहा है। जबकि यहां महानिदेशक और अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर आईएएस और आरएएस अधिकारी को लगा रखा है।

प्राइवेट पीआर एजेंसी के लिए बाकायदा सरकार की तरफ से टेंडर भी निकाला जाता है। जेकेके के इतिहास में पहली दफा इसके प्रशासनिक प्रबंधन की कमान निजी हाथों में साल 2015 में सौंपी गई थी। तब जेकेके महानिदेशक के पद पर पूजा सूद को लगाया गया था। पूजा सूद किसी सरकारी पद पर नहीं रही। शायद इसके पीछे सरकार की मंशा जेकेके के बेहतर रखरखाव, नए कलेवर और इसे नए स्वरूप में ढालकर इसे इंटरनेशनल स्तर पर नई पहचान देने की रही होगी। हालांकि पूजा सूद ने अपने तीन वर्ष से अधिक के कार्यकाल में जवाहर कला केन्द्र का पूर्णरूपेण कायाकल्प कर दिया। विभिन्न जरूरी सुविधाओं के मद्देनजर यहां की आर्ट गैलेरीज को भव्य रूप देने समेत कई अन्य बातों पर भी विशेष ध्यान रखा गया।

यही वह दौर था जब जवाहर कला केन्द्र के खबरों के लिए किसी प्राइवेट पीआर एजेंसी को ठेका दिया गया। साल 2015 से अब तक यानी साल 2024 तक भी प्राइवेट पीआर एजेंसी ही खबरें विभिन्न मीडिया हाउस में भेज रही है। पूजा सूद की जेकेके से विदाई साल 2018 में हो गई पर, अभी भी यहां प्राइवेट पीआर एजेंसी ही खबरों का संचालन कर रही है जो सरकार के बजट को ठिकाने लगाने काम कर रही है। पूजा सूद से पहले जेकेके में सरकार में वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी रहे देवीसिंह नरुका और उनके बाद सरकारी जनसंपर्क अधिकरी रहे जेपी शर्मा ने खबरें भेजने का काम किया था। उस वक्त उन्हें सिर्फ मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलाने जितने ही दाम मिलते थे। इसके बावजूद उनकी खबरों की गुणवत्ता बनी रहती थी, जिस पर आंखें मूंदकर भरोसा भी किया जा सकता था। आज सूरतेहाल यह है कि उतनी ही खबरों का पैसा हजारों से निकलकर लाखों में पहुंच गया है, जो सरकारी बजट में सेंध लगाने जैसा है।द्द

होम वोटिंग

पांचवें दिन जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण में 95 फीसदी से ज्यादा मतदान

जयपुर @ जागरूक जनता। लोकसभा चुनाव-2024 के तहत होम वोटिंग के पांचवें दिन मंगलवार को जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 95.56 फीसदी एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट में 95.63 फीसदी 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि होम वोटिंग के पांचवें दिन जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 135 में से 129 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 6 मतदाता अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए। जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में पांचवें दिन होम वोटिंग के लिए पंजीकृत कुल 458 में से 438 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दो मतदाता निधन होने के कारण एवं 18 मतदाता अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए। जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 110 में से 105, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 146 में से 142, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 181 में से 170, बानसूर विधानसभा क्षेत्र में 21 में से सभी 21 मतदाताओं ने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकारिणी का हुआ गठन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

पीपाड़ शहर। पीपाड़ शहर में विहिप व बजरंग दल कार्यकारिणी के नवीन दायित्व को लेकर पीपाड़ नगर की नई कार्यकारिणी बनाई गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष भगवान राम परिहार ने बताया की विहिप व बजरंग दल हिंदू सनातन समाज का सबसे बड़ा संगठन है,संगठन में शक्ति होती है,हिंदू धर्म के त्योहार व धर्म की रक्षा के लिये यह संगठन सदैव तत्पर रहता है,परिहार ने बताया कि आने वाला कल भारत का है भारतीय ऋषि संस्कृति का है,आज पूरा विश्व भारत की और देख रहा है,आज अगर भारत देश की पहचान है तो अनेकता में एकता है,आज हम सभी को योग ,आयुर्वेद,स्वदेशी, व आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लेना चाहिए,और देश के पवित्र नागरिक होने के नाते हमे धर्म की रक्षा के लिए सदेव तत्पर रहना चाहिए। विहिप विभाग के संपर्क प्रमुख ओमप्रकाश टाक ने बताया की आगामी हिंदू सनातन समाज के धार्मिक आयोजन में संगठन की मुख्य भूमिका होती है,संगठन मजबूत होगा तो समाज में धर्म के कार्य को गति मिलती है। जिला कार्यकारिणी से पधारे संदीप मोयल ने नवीन कार्यकारिणी को भगवा दुपटा पहनाकर सभी का स्वागत किया गया व हिंदू धर्म के कार्यकमों की जानकारी दी गई। बजरंग दल के दिनेश माली ने सभी कार्यकर्ताओं को नवीन पद की बधाई दी, हिंदू समाज सेवा में सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई। विहिप के एडवोकेट जितेंद्र कच्छवाह ने प्रशासनिक कार्य में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। विहिप की नवीन कार्यकारणी में विधि प्रकोष्ठ पीपाड़ प्रमुख के निर्मल कटारिया, श्याम मारोठिया उपाध्यक्ष, सोशल मीडिया प्रभारी विकास सोलंकी, राजेश मांरोटिया सेवा प्रमुख, अंबालाल खटीक मठ मंदिर प्रमुख,विहिप के सहमंत्री भाकर राम,योग शिक्षक नरेश टाक,बजरंग दल सह सयोजक अर्जुन जीनगर, दिलीप टांक व विहिप सदस्य के रूप में कुलदीप सोनी, किशन, भेराराम प्रजापत, भागीरथ सांखला, कैलाश सांखला, बगदा राम हलवाई, बंशीलाल लखारा, सुगना राम चौहान, शेराराम सेन,सुनील सांखला को विहिप व बजरंग दल का सदस्य बनाया गया।

कार्यकर्म का संचालन संगठन के मंत्री मोहनलाल सोनी ने किया,सोशल मीडिया प्रभारी विकास सोलंकी ने हिंदू धर्म में एकता बनाए रखने और सामाजिक भेदभाव को नही करते हुए सभी तरह धार्मिक कार्यों में उपस्थित रहने और अपना पूर्ण सहयोग करने की अपील की, तत्पश्चात शांति पाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया।

कंचन धाम पर नौ दिवसीय अनुष्ठान शुरू

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

बूंदी। बूंदी के गेंडोली कस्बे के समीप श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग (कंचन धाम आश्रम) पर नवसंवत्सर के मौके पर नौ दिवसीय अनुष्ठान के आयोजन का शुभारम्भ हुआ। आचार्य गोपाल पंडित जी ने बताया कि हर वर्षकी भांति इस वर्ष भी माँ दुर्गा के यज्ञ स्थल पर नौ दिवसीय मातेश्वरी पूजन और यज्ञ दर्शन का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिन माँ शैलपुत्री के नाम का यज्ञ आयोजन किया गया। साथ ही, चंडीपाठ भी किया गया। इस दौरान मातेश्वरी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। इससे पूर्व यज्ञ स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना करके कलश स्थापना की गई। इस मौके पर गोबिंद पंडित जी, गंगा पंडित जी, अनुज पंडित जी, शीतल पंडित जी, अंब्रीस (दुवेदी) पंडित जी, अमित (दुवेदी) पंडित जी, हैप्पी, श्याम, पवन कक्कड़, मनोज शर्मा, शिव कुमार पांडे सहित स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

नवपदस्थापित न्यायाधीश शुभम गुप्ता का हुआ अभिनंदन

केकड़ी @ जागरूक जनता। हिन्दू नव वर्ष और नव संवत्सर के अवसर पर बार एसोसिएशन केकड़ी की और से बार और बैंच का स्नेहमिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। साथ ही नवपदस्थापित न्यायाधीश शुभम गुप्ता का स्वागत कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। जिसमें बार अध्यक्ष राम अवतार मीणा की अगुवाई में,उपाध्यक्ष घनश्याम वैष्णव, महासचिव लेंसी झंवर सहित कार्यकारिणी ने सभी अधिवक्ताओं को तथा जजेज को तिलक लगाकर, दुपट्टा ओढ़ाते हुए अभिनन्दन किया।कार्यक्रम में बार संघ की तरफ से अध्यक्ष राम अवतार मीणा,वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,हेमंत जैन व भारती पोपटानी ने अपर जिला न्यायाधीश संख्या एक अम्बिका सोनी,अपर जिला न्यायाधीश संख्या दो कुंतल जैन,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक रमेश करोल अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या दो हिरल मीणा को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बार के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष चेतन धाभाई, हेमंत जैन,नवल किशोर पारीक, डॉ.मनोज आहूजा ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। न्यायाधीश रमेश करोल, न्यायाधीश हिरल मीणा ने भी अपने विचार रखे। बार अध्यक्ष राम अवतार मीणा ने कहा कि बार और बैंच के मधुर संबंधों से ही आमजन को न्याय दिलवा सकते है। इस अवसर पर केकड़ी बार के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,सुरेंद्र सिंह राठौड़,हेमन्त जैन,बिशन सिंह राजावत,मनोज आहूजा,पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़,गजराज सिंह कानावत,अर्जुन सिंह शक्तावत,एडवोकेट लोकेश शर्मा,दशरथ सिंह काण्डलोट,अनुराग पांडेय,विजेंद्र पाराशर,भारती पोपटानी सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन सुरेन्द्र सिंह राठौड़ एडवोकेट द्वारा किया गया।

धार्मिक उन्माद के अलावा भाजपा की दुकान में कोई सामान नहीं-पायलट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

अलवर। लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में कांग्रेस के स्टार प्रचारक पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने किशनगढ़बास विधानसभा में केंद्र की मोदी सरकार एवं अलवर लोकसभा क्षेत्र से बाहरी प्रत्याशी भूपेंद्र यादव को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से देश की जनता ने जिस उम्मीद को लेकर सरकार बनाई थी वह जनता के साथ केवल और केवल छलावा कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के राज् में किसानों को गाड़ी से कुचला जा रहा है, महिला पहलवानों पर अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव में केवल हिंदू ,मुस्लिम, मंदिर, मस्जिद जैसे धार्मिक उन्माद फैलाने के सिवा भारतीय जनता पार्टी की दुकान में और कोई सामान नहीं है। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यदि 400 पार कर रहे हैं तो कांग्रेस के नेताओं को क्यों ले जा रहे हैं,अपनी ताकत पर भरोसा और अपने 10 साल के रिपोर्ट कार्ड पर विश्वास है तो कांग्रेस के नेताओं को क्यों डरा धमका कर भारतीय जनता पार्टी में ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष में यदि कोई नेता काली कमाई करता है और वह भाजपा में शामिल हो जाए तो भारतीय जनता पार्टी की वाशिंग मशीन की ऐसी धुलाई है कि कितने भी काले कारनामे करा हुआ व्यक्ति बीजेपी में जाते हैं सफेदपोश हो जाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में यदि विपक्ष सशक्त नहीं है तो यह संविधान और लोकतंत्र के लिए बेहद घातक है।

किशनगढ़ बास विधायक दीपचंद खेरिया ने कहा कि अबकी बार केवल ललित बाहरी भगाओ अलवर के विकास के लिए स्थानीय ललित को लाओ। राजगढ़ विधायक मांगीलाल मीणा ने कहा कि युवाओं की आवाज और किसानों के संघर्ष की मजबूत कड़ी के साथ इस बार अलवर की जनता कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। तिजारा से पूर्व विधायक संदीप यादव ने कहा कि सर्व समाज का मिल रहा समर्थन ललित यादव को ऐतिहासिक जीत के साथ संसद में भेजेगा।तिजारा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे इमरान खान ने कहा कि सर्व समाज ने जो इस लोकसभा चुनाव में अंगड़ाई ली है वह ललित को संसद के प्रवेश द्वार पर ले जाकर ही खत्म होगी। जनसभा में जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, आरसी यादव, संजय यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर

व्यवहारिक ज्ञान से अपने क्षेत्र के किसानों को करें लाभांवित-तोमर

तमिलनाडु के 11 पशुपालन विशेषज्ञों का कृत्रिम गर्भाधान पर सात दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

टोंक। केंद्रीय भेड़ एवं अनुसंधान संस्थान अविकानगर में कृत्रिम गर्भाधान के लिए भेड़ के तरल वीर्य का प्रबंधन और प्रसंकरण" पर सात दिवसीय तमिलनाडु पशुपालन विभाग के 11 वेटरनरी ऑफीसरों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यर्‍ म का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यर्‍ म के समापन में निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर द्वारा तमिलनाडु पशुपालन विभाग के वेटरनरी ऑफिसर्स को संस्थान द्वारा मदसमकालन एवं कृत्रिम गर्भाधान का भेड़ों की नस्ल सुधर के क्षेत्र में दी गई प्रशिक्षण का फीडबैक लिया गया। डॉ तोमर ने प्रतिभागियों से आव्हान किया कि आपने जो सात दिन में संस्थान से भेड़-बकरी एवं खरगोश की विभिन्न उन्नत नस्ल, पशु पोषण, पशु प्रजनन, पशु स्वास्थ्य एवं पशु के रेप्रोडक्शन के बारे में जानकर सीख एवं प्रैक्टिकल रूप से किया उसको अपने क्षेत्र में जाकर किसानो को लाभान्वित करने के लिये उपयोग मे ले। मेरे मानना है कि भेड़-बकरी एवं खरगोश पालन की तमिलनाडु राज्य में भविष्य में ग्रोथ की अपार संभावनाएं हैं और ये संभावनाए आप लोगों के माध्यम से ही धरातल पर सही रूप में दिखाई देगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ अजीत सिंह महला एवं डॉ वी राल्ते द्वारा प्रशिक्षण में की गई गतिविधियों के बारे में विस्तार से से जानकारी दी गयी तथा कार्यर्‍ म के संयोजक फिजिलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग अध्यक्ष डॉ. सत्यवीरसिंह डागी ने संस्थान द्वारा भेड़ प्रजनन के क्षेत्र में विकसित तकनीकों के बारे में जानकारी साझा करते हुई अन्य दी गई जानकारी से अवगत कराया। अविकानगर संस्थान भेड़ों में कृत्रिम गर्भाधान पर शोध करने वाला विश्व में अग्रणी संस्थान है तथा समय समय पर देशभर के विभिन्न राज्यों के पशु चिकित्सकों को इस तकनिकी पर प्रशिक्षण देता आ रहा है इसके अलावा हाल ही में भेड़ों में कृत्रिम गर्भाधान तकनिकी को पशुपालकों तक सुगमता से पहुँचाने के लिए संस्थान ने एक मोबाइल कृत्रिम गर्भाधान प्रयोगशाला अविमेल विकसित की है जिसको देश के कोने कोने में पहुँचाने के प्रयास संस्थान के निदेशक एवं वैज्ञानिकों द्वारा किये जा रहे है। अंत में निदेशक द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। कार्यर्‍ म का संचालन डॉ सुरेश चंद शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ राल्ते द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पशु स्वास्थ्य विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ गणेश जी सोनवणे,डॉ अजय कुमार, डॉ लीलाराम गुर्जर, डॉ अरविन्द सोनी, मुख्य वित्त अधिकारी राजकुमार आदि के साथ फिजिलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। अविकानगर के मीडिया प्रभारी डॉ. अमरसिंह मीना ने दी जानकारी।

खेल समस्या का होगा समाधान, संसाधन कराये जाएंगे उपलब्ध-भूपेन्द्र

अलवर @ जागरूक जनता। केंद्रीय मंत्री और अलवर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव राजकीय कला महाविद्यालय के खेल ग्राउंड पहुंचे। यहां उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात करते हुए खेल संबंधित समस्या और संसाधनों की जानकारी ली। इस दौरान खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स ट्रैक, पेयजल और कोच जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी से भूपेंद्र यादव का अवगत कराया। इस मौके पर यादव ने खिलाड़ियों को सरकार गठन के बाद अलवर में खेलों के संबंध में संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मीडिया से बातचीत में यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन की योजना बनाई थी लेकिन कांग्रेस की सरकार ने 5 साल तक इस पर कोई काम नहीं किया। अब राजस्थान व मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार है दोनो सरकारों के बीच ईआरसीपी योजना के लिए एमओयू किया है निश्चित रूप से इस योजना के पूर्ण होने के बाद अलवर को डार्क जोन से निकाला जाएगा।

एडिशनल एसपी को धमकाना डॉक्टर को पड़ा भारी

अलवर @ जागरूक जनता। भिवाड़ी के एडिशनल एसपी अतुल साहू को धमकाना एक कथित डॉक्टर को भारी पड़ गया। एडीशनल एसपी के आदेश पर फेज थर्ड थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया। एएसपी अतुल साहू ने बताया कि वो अपने ऑफिस में बैठकर परिवादियो की समस्या सुन रहे थे। इसी दौरान खुद को डॉक्टर कहने वाला लक्ष्मण राघव उनके ऑफिस में आया और उन्हें धमकाने लगा। इतना ही नही आरोपी लक्ष्मण राघव ने खुद को बड़े अधिकारियों से संपर्क होने की बात करते हुए एएसपी को घर बैठाने की धमकी भी दी। इस पर उसका मेडिकल करवाया तो वो शराब के नशे में निकला। एएसपी की माने तो लक्ष्मण राघव पूर्व में भी जेल जा चुका है जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

शोभायात्रा में शामिल हुई नवदुर्गा झांकी

नारायण सेवा में दिव्यांग कन्याओं के निःशुल्क ऑपरेशन शुरू

उदयपुर @ जागरूक जनता। नारायण सेवा संस्थान में मंगलवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर घट स्थापना के साथ ही विक्रम संवत् 2081 के स्वागत में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। निदेशक वंदना अग्रवाल के सानिध्य में उन दिव्यांग कन्याओं का पूजन किया गया जिनकी नवरात्रि के दौरान निःशुल्क सर्जरी की जाकर दुर्गाष्टमी पर माता स्वरूप अनुष्ठान पूर्वक अभ्यर्थना की जाएगी। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने बताया कि फतह स्कूल से अपराहंत भारतीय नववर्ष समाजोत्सव समिति एवं नगर निगम की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में संस्थान की नवदुर्गा झांकी शामिल हुई। जिसकी शहरवासियों ने खूब सराहना की। संस्थापक कैलाश 'मानव'ने पूजनोपरांत इस झांकी को शोभायात्रा के लिए संस्थान से रवाना किया।

गाँवों-कस्बों में किया जनसंपर्क

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

अलवर। केंद्रीय मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने किशनगढ़बास विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान जोड़ियां, कतोपुर, भोकर, मोधूपुर, नसोंपुर, बुढ़ी बवाल, आकोली, लालपुर, जोखाबास, उजोली, जादूवास, मकडाबा, आनाका कस्बों, गांवो में जनसंपर्क कर लोगो से बातचीत की। जनसंपर्क के दौरान जगह जगह भूपेंद्र यादव का बड़ी फूल माला और 51 मीटर का साफा बांधकर और फलों से तोलकर स्वागत किया गया। जनसंपर्क के दौरान भारी भीड़ ने भूपेंद्र यादव जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जोश में नारे लगाते हुए कहा की जो राम को लाए है हम उनको लाएंगे, अबकी अलवर से भूपेंद्र को जिताना है, भूपेंद्र को संसद पहुंचाना है। इस अवसर पर रामहेत यादव, डॉक्टर करण सिंह यादव, रामकिशन मेघवाल,दिनेश यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नवसंवत्सर का उत्साह से किया स्वागत

अलवर @ जागरूक जनता। भाजपा युवा मोर्चा अलवर के द्वारा रेलवे स्टेशन अलवर पर हिंदू संवत्सर विक्रम संवत 2081 के पावन पर्व पर यात्रियों को टीका लगाया गया एवं मिठाई बांटकर शुभकामनाएं दी इस अवसर पर लोकसभा संयोजक जयंत यादव, सह संयोजक गगनदीप, अलवर शहर प्रभारी रविंद्र जोशी, जिला महामंत्री मोहन चौहान, जिला उपाध्यक्ष नरेश गुप्ता, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, दीपेश वाल्मीकि, महामंत्री खेमेन्द्र बेनीवाल,अजय शर्मा, उपाध्यक्ष सचिव पंडित, मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र शर्मा, संयोजक आ.ई.टी सेल सौरभ गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

बंगाल में चुनाव में इस्तेमाल होने वाली सभी गाड़ियों पर GPS लगेगा-चुनाव आयोग

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने तय किया है कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल होने वाली सभी गाड़ियों में जीपीएस लगेगा, ताकि उन्हें ट्रैक किया जा सके। चुनाव ड्यूटी से जुड़े लोगों को ये बता दिया गया है।चुनाव आयोग के एक अफसर ने बताया कि जीपीएस से जीपीएस समेत पोलिंग मटेरियल के मूवमेंट पर नजर रखी जा सकेगी। साथ ही ये सुनिश्चित हो सकेगा कि स्ट्रॉन्ग रूम में ले जाते वक्त भी उनमें कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। चुनाव आयोग ने इसे लेकर प्रशासन को कड़े निर्देश दिए हैं। आयोग ने सोमवार 8 अप्रैल को स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट में जॉइंट सेक्रेटरी अर्णब चटर्जी को जॉइंट चीफ इलेक्टोरल अफसर नियुक्त किया है।वहीं, निर्वाचन आयोग ने गृह मंत्रालय को पश्चिम बंगाल में 100 और केंद्रीय आर्मड पुलिस फोर्स को तैनात करने निर्देश दिया है। आयोग ने ये भी कहा कि 15 अप्रैल या उससे पहले कंपनियों की तैनाती कराई जाए। आयोग के निर्देश पर गृह मंत्रालय CRPF की 55 कंपनियां और सीमा सुरक्षा बल की 45 कंपनियां पश्चिम बंगाल में तैनात करेगी।

पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन प्रदेश और जिला सिरोही कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

सामूहिक संघर्ष में ही ताकत है-केके गुप्ता

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सिरोही। पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन सिरोही जिले के स्वरूपगंज के बालाजी भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ भगवान श्री अग्रसेन महाराज के समक्ष माला दीप प्रज्वलित और पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इसके बाद सिरोही जिला अग्रवाल सम्मेलन की ओर से मुख्य अतिथि पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन अध्यक्ष के के गुप्ता का माला साफा पहना कर स्वागत अभिनंदन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश स्तरीय प्रगति, उपलब्धियों, विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। सम्मेलन में प्रदेशभर से आये अग्र बंधुओ का साफा, मोमेंटो एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के के गुप्ता ने कहा कि जब तक समाज एक नहीं होगा, राजनीति में प्रतिनिधित्व नही होगा, समाज का विकास नहीं होगा, समाज को मान समान नहीं मिल सकता है, ये समाज सुरक्षित नही हो सकता इसलिए समाज को एकजुट होना जरूरी हैं। गुप्ता ने कहा कि हमारे समाज की प्रदेश की राजनीति में भागीदारी बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। किसी भी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए उसके राजनीतिक रूप से सुदृढ़ और सशक्त होना भी अति आवश्यक होता है तथा किसी भी समाज के राजनीतिक उत्थान के लिए युवा वर्ग की विशेष भूमिका होती है। इसी के अनुसरण में अग्रवाल समाज के युवा वर्ग को राजनीतिक रूप से आगे बढ़ाने तथा युवाओं को अवसर देने के उद्देश्य से राजस्थान के प्रत्येक जिले में अग्रवाल समाज युवा अधिवेशन के आयोजन होंगे। जिसमें समाज का युवा राजनीति और समाज सेवा के क्षेत्र में किस प्रकार आगे बढ़े और समाज का नाम ऊंचा करें इस पर मंथन किया जाएगा। युवा समाज को आगे लेकर जाने की इच्छाशक्ति रखते हैं और ईमानदारी से वह सबकुछ करने का जिससे समाज समाज में बदलाव आए उन्हें उन्हें आगे आना चाहिए। युवा ही इसकी दिशा बदल सकते हैं। अच्छी पढ़ाई और ज्ञानवान यूथ को इसके प्रति सोचना होगा। जनता और समाज के हितों के बारे में सोचना होगा। इसके बाद समाज में बदलाव होना तय है।

गुप्ता ने कहा कि सामूहिक संघर्ष में जो ताकत है वह कही नहीं देखी जा सकती। पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री राकेश अग्रवाल टीम के कप्तान की भांति कार्य करते है। वह मार्ग दर्शक, समर्पण भाव, त्याग से समाज के लिए कार्य करते है और जो ऐसे भावों के साथ कार्य करे उसकी पीठ थपथपानी ही चाहिए। ईश्वर भी समाज की परीक्षा लेता है और हमको संगठित हो कर उस परीक्षा को पास करना है। अग्रवाल समाज की सदस्यता अभियान मेरी ताकत रही है। 2005 में सिर्फ पांच लोगो के साथ इस अभियान की शुरुआत की थी। तब मुझ पर लोग हँसे भी थे, पर मैं अपने साथ चलने वालों का साथ कभी नहीं छोड़ता और आज भी कहता हूं कि समाज को जगा कर ही रहूंगा। मैंने गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी जा कर लोगो को जोडने का कार्य किया है।

उन्होने कहा कि परिस्थितियां बदल रही है, देश में रहने वाले करोड़ों अग्रवाल समाज के लोगो को आज हर क्षेत्र में सेवाओं के नाम से जाना जाता है।

महेश सेवा सदन समिति ने मनाया होली मिलन समारोह

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौडगढ़। रंग तेरस त्योहार के उपलक्ष्य में महेश सेवा सदन समिति गांधीनगर द्वारा सम्पूर्ण गांधीनगर समाज का होली मिलन समारोह महेश भवन, गांधी नगर में आयोजित किया गया। समिति के मंत्री कैलाश भूतडा ने बताया कि रंग तेरस पर्व पर सुबह 11 बजे सभी समाज जन महेश भवन में एकत्रित होकर शोक संतृप्त परिवार के घर घर जाकर गुलाल डाला। समिति के अध्यक्ष सुरेश बांगड़ ने बताया कि सामूहिक भोजन से पहले गांधीनगर माहेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा गणगोर के गीत गाए गए। सामूहिक भोजन आयोजन का संयोजक प्रहलाद मूंदड़ा एवं सहसंयोजक रामकिशन नाराणीवाल द्वारा किया गया। मंत्री कैलाश भूतड़ा, वरिष्ठ संरक्षक रामेश्वर काबरा, कोषाध्यक्ष कमलेश डाड, उपाध्यक्ष प्रहलाद मूंदड़ा, सांस्कृतिक मंत्री विनोद न्याति, सदस्य ओम प्रकाश भंडारी, प्रमोद काबरा, आशीष सोमानी, विनोद चंडक, रामकिशन नारानीवाल, चन्द्र प्रकाश इनाणी, संरक्षक श्याम सुंदर काबरा, कन्हैया लाल नाराणीवाल, गांधीनगर माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष यश भंडारी, सचिव आयुष भूतड़ा, शंकर काबरा, पवन कुमार जागेटिया, वीरेंद्र न्याति, गोपाल भूतड़ा, महेश नुवाल, महेश काखानी, गोपाल बांगड़, ओम प्रकाश सोनी, आदि उपस्थित रहें।

जागरूक खबरें

■ अंधड़ से सोलर पम्प संयंत्रो का बचाव करने के लिए स्ट्रेक्चर को 90 डिग्री में सेट करें

टोंक @ जागरूक जनता। जिले में आगामी तेज अंधड़, बारिश एवं तीव्र मेघगर्जन को दृष्टिगत रखते हुए उद्यान विभाग के उपनिदेशक चन्द्र प्रकाश बड़ाया ने किसानों को बताया कि सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र को सुरक्षित रखने के लिए सौर ऊर्जा पम्प के स्ट्रक्चर की जाँच कर ढीले स्क्रू व बोल्टो को अच्छी तरह कस लेवें एवं सौर ऊर्जा पैनल स्ट्रक्चर को समानांतर कर लेवें। ताकि सोलर पम्प की प्लेटो को तेज हवाओं से बचाया जा सके। जिन कृषको ने सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र का लम्बी अवधि से उपयोग नहीं किया है तो स्ट्रक्चर को 90 डिग्री में सैट करें, ताकि सोलर पैनलों पर हवा का दबाव कम हो और संयंत्र को नुकसान से बचाया जा सके।

हनुमान जयंती पर आयोजित होगा बड़ा कार्यक्रम, सजेगी विशेष झांकी

श्री कंचन बालाजी हनुमान मंदिर का उद्घाटन समारोह 23 को

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

गोवर्धन-मथुरा। 23 अप्रैल चैत्र शुक्ला पूर्णिमा हनुमान जयंती के अवसर पर श्री कंचन बालाजी हनुमान मंदिर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। गोवर्धन धाम में रामानंद आश्रम के श्रीराम अनुग्रहदास महाराज ने बताया कि न्यू सौंख बाईपास स्थित जमुनाधाम कॉलोनी में श्रीकृष्णदास कंचन महाराज की प्रेरणा से शंकर राज कुटी में कंचन बालाजी का भव्य मंदिर निर्माणाधीन है। जिसका उद्घाटन पूज्य गुरुजी नाभा पीठाधीश्वर सुतीक्षण देवाचार्य महाराज के कर कमलों से किया जाएगा। इस अवसर पर हनुमानजी का वैदिक विधि विधान से नवग्रह, षोडशमात्रिका पूजन, अभिषेक, श्रृंगार, पूजा, हवन-यज्ञ आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी दौरान शाम 4 बजे से 8 बजे तक संगीतमय सुन्दरकांड के पाठ किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। राम अनुग्रहदास महाराज ने बताया कि श्री कृष्णदास कंचन महाराज ने नश्वर शरीर का त्याग कर सूक्ष्म शरीर में प्रवेश किया है तभी से उनके भक्तों को कई तरह के चमत्कारों का अनुभव और प्रेरणा हुई है। उसी प्रेरणा से यह पुनीत कार्य और हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संत, श्रद्धालु एवं भक्तजन समारोह में शामिल होंगे।

चार मीनारा मस्जिद में शानो शौकत से मनाई 27वीं शब

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। रमजान के पाक महीने बरकतों में सबसे अफजल मानी जाने वाली शबे कद्र की रात अकीदत और एहतराम से बिताई गई। इस अवसर पर मस्जिदों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। मस्जिदों में कुरान मुकम्मल होने पर इमामो की दस्तारबंदी की गई।

रमजानुल मुबारक की 27वीं शब लैलतुल कद्र को शहर के रेलवे स्टेशन स्थित चार मीनारा मस्जिद में बड़े एहतराम के साथ मनाया गया। यहां पूरे माह में मस्जिद के पेश इमाम हाफिज शमशाद कादरी सा. की इमामत में रमजान माह की विशेष नमाज तरावी अदा करवाई गई। जिसमें पूरी कुरान शरीफ सुनाई गई। 27वीं शब की रात मस्जिद में विशेष फातिहा ख्वानी भी हुई जिसके बाद नमाजियों को तब्बूरक तकसीम किया गया। जिसके बाद पेश इमाम साहब शमशाद कादरी को युवा जमात की ओर से मस्जिद से घर तक जुलूस के रूप में नात शरीफ पढ़ते हुए छोड़ने गए। इस दौरान मस्जिद के सदर महबूब खान, नायब सदर यूसुफ कुरेशी, मोहम्मद यूसुफ भैया,मोहम्मद इस्माइल मंसूरी, मोहम्मद कुरेशी, शकील माड़साहब, आबिद खान, यूनुस खान, नारू खान, साजिद खान,जाहिद हुसैन, मोइन खान, मोहम्मद हुसैन,शाहबाज खान सहित कई युवा भी जुलूस में शामिल रहे।

मस्जिदों, दरगाहों में पूरी रात की इबादत

रोजा खोलने के बाद इबादतगार तरावीह की नमाज के लिए मस्जिदों में पहुंचने लग यहां पर ईमान केद्वारा ईशाकी नमाज रमजान माह में पढ़ाई जाने वाली विशेष नमाज तरावीह की नमाज अदा करवाई गई, जिसके बाद इमाम साहब की दस्तारबंदी करवाई गई। जिसके बाद फिर से नमाजी व इबादतगार मस्जिदों व दरगाहों में पहुंचे और पूरी रात नफ्ल नमाज के साथ कुरान शरीफ तिलावत की व रो रो कर दुआएं मांगी। इस मुकद्दस रात के शुरू होने से पहले मुस्लिमजन कब्रिस्तान पहुंचकर इस दुनिया से रुखसत हुए अपने रिश्तेदारों के लिए फातिहा पढ़ी व फूल पेश किए।

छात्रावास को डोनेट किया ऑटोमेटिक स्मार्ट एनाउंसर सेट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

बीकानेर। किसान छात्रावास संचालन समिति के सदस्य भंवरलाल पोटलिया की प्रेरणा से जाट छात्रावास बीकानेर को अध्यापक हुकम चंद चौधरी द्वारा पंद्रह हजार की कीमत का स्मार्ट एनाउंसर मय आहूजा एमप्लीफायर, स्पीकर, माइक सेट सहित भेंट किया गया। स्मार्ट एनाउंसर की सहायता से छात्रावास की दैनिक गतिविधियों नियमित तौर पर ऑटोमेटिक संचालित की जा सकेगी। जयपुर रोड स्थित जाट छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष हजारी राम ज्याणी, संरक्षक रामचंद्र पोटलिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमान कॉमरेड, छात्रावास अधीक्षक भीखाराम सांगवा सहित रामचंद्र सहू, सुखराम बाना, प्रहलाद गोदारा, गिरधारी कुकणा, ईमीचंद पूनिया, भंवरलाल ढाका, लक्ष्मण गोदारा, जयदयाल डूडी, तोलाराम सियाग, प्रेम सारण आदि उपस्थित रहे।

शिक्षक संघ ने निकाली वाहन रैली, मतदाताओं को किया जागरूक

केकड़ी @ जागरूक जनता। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा केकड़ी के कार्यकर्ताओं ने शहर भर में वाहन रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान करने का सन्देश दिया। नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर आयोजित इस वाहन रैली को तहसीलदार एवं नगर परिषद आयुक्त बंटी राजपूत ने भगवा झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान सभी मतदाता जागरूकता के नारे लगा रहे थे। उपशाखा अध्यक्ष नवलकिशोर जांगिड़ ने बताया कि रैली नगर परिषद से प्रारम्भ होकर अजमेरी गेट, निर्मलेश्वर महादेव मन्दिर, खिड़की गेट, चारभुजा मन्दिर, सूरजपोल गेट, रामदेव बस्ती, भैरू गेट होते हुए सरसडी गेट, शनि मन्दिर, बस स्टैण्ड, होकर पुनः पटेल मैदान पहुंचकर सम्पन्न हुई, जहां सभी ने एक-दूसरे को नवसंवत्सर की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला संरक्षक बिरदीचन्द वैष्णव, प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ सदस्य सुरेश चौहान, जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, जिला महिला मंत्री प्रभा पंचोली, जिला उपसभाध्यक्ष मोजेन्द्र सिंह राव, अतिरिक्त जिला मंत्री राजेन्द्र सुजेडिया, उपशाखा अध्यक्ष नवलकिशोर जांगिड़, मंत्री संजय वैष्णव, कोषाध्यक्ष भागचन्द लखारा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

देवनगरी दौसा में मोदी का पहला रोड शो 12 को

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

दौसा। दौसा में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 अप्रेल को रोड शो करेंगे। बता दें कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी दौसा शहर में आए थे। उस दौरान राहुल गांधी की यात्रा में भारी भीड़ उमड़ी थी। ऐसे में बीजेपी की कोशिश है कि पीएम मोदी के रोड शो से कांग्रेस के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा जाएं। जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी का 11 और 12 अप्रेल को राजस्थान आने का कार्यक्रम है। पीएम मोदी 11 अप्रेल को करौली में चुनावी सभा करेंगे। इसके बाद 12 अप्रेल को बाड़मेर में चुनावी सभा के साथ ही दौसा में रोड शो करेंगे। बता दें कि इससे पहले पीएम मोदी कोटपूतली, चूरू और पुष्कर में बीजेपी प्रत्याशियों के समर्थन में सभाएं कर चुके हैं।

कांग्रेस का गढ़ 15 साल से खाली हाथ

दौसा को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। लेकिन, पिछले 15 साल से कांग्रेस खाली हाथ है। यहां से लगातार दो बार बीजेपी ने लोकसभा चुनाव जीता है। अब बीजेपी यहां जीत के हैट्रिक लगाना चाहती है। ऐसे में बीजेपी क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को भुनाने में जुटी हुई है। साथ ही बीजेपी नेताओं का दावा है कि यहां से बीजेपी जीती तो जयपुर से दौसा तक मेट्रो चलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही बीजेपी की कोशिश है कि राहुल गांधी की यात्रा के दौरान दौसा में जितनी भीड़ जुटी थी, उस रिकॉर्ड को भी तोड़ा जाएं।

इन मुद्दों को भुनाने में जुटी बीजेपी

» **पानी बना चुनावी मुद्दा :** दौसा में सबसे बड़ा मुद्दा पानी दौ विधानसभा चुनाव में ईआरसीपी पर जमकर राजनीति हुई। इस चुनाव में भी यह बड़ा मुद्दा ईआरसीपी पर हुए एमओ को भाजपा भुना रहीं है।

» **एक्सप्रेस-वे की सौगात :** केंद्र की मोदी सरकार ने दौसा को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की सौगात दी। एक्सप्रेस-वे को बांदीकुई से लेकर जयपुर तक कनेक्ट करने की तैयारी है। इसके लिए काम जोरों पर चल रहा है और इस साल के अंत तक काम पूरा हो जाएगा।

» **28 साल बाद चली ट्रेन :** 28 साल बाद दौसा-गंगापुरसिटी रेलमार्ग शुरू हुआ है। इस रूट पर राजस्थान की सबसे बड़ी सुरंग भी बनी है। दौसा को मेडिकल कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय मिला। बांदीकुई और दौसा रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार हुआ।

सभ्यता व संस्कृति का आधार होती है शिक्षा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

केकड़ी। किसी भी देश की सभ्यता व संस्कृति का आधार वहां की शिक्षा होती है, लेकिन यह देश का दुर्भाग्य है कि यहां अंग्रेजों के शासनकाल में लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति को लागू किया गया। यह विचार शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी के सभागार में विद्या भारती शिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के वर्तमान अध्यक्ष प्रो.भरतराम कुम्हार ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत में नालन्दा, तक्षशिला एवं विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालय थे जहां भारत में पूरे विश्व से शिक्षा प्राप्त करने के लिए आते थे। लेकिन लार्ड मैकाले ने छलपूर्वक भारतीय शिक्षा व्यवस्था को बदलकर शिक्षा का राष्ट्रीय गौरव मिटा दिया। प्रो.कुम्हार ने भारत की नई शिक्षा नीति के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्या भारती चितौड़ प्रान्त के पूर्व प्रान्त सचिव किशनगोपाल कुमावत मुख्य अतिथि एवं जिला सचिव संजय शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या भारती प्रबन्ध समिति केकड़ी के अध्यक्ष बिरदीचन्द वैष्णव ने की। सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता जोशी, प्रबन्ध समिति सदस्य राधा माहेश्वरी एवं शशि विजय ने तिलक लगाकर और सचिव अरविन्द गर्ग, उपाध्यक्ष जसवन्त सिंह राठौड़ ने अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित किशनगोपाल कुमावत ने सभी को धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार के प्रयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सदस्य बजरंग प्रसाद मजेजी, शिक्षाविद श्रीनारायण शर्मा, बिहारीदान चारण, विद्या भारती प्रबन्ध समिति केकड़ी में विशेष आमंत्रित सदस्य किशनगोपाल पाण्डे एवं पूर्व प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश हावा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन बिरदीचन्द वैष्णव ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड संघचालक सुभाषचन्द भाल, यशवन्त बेली, मुरारीलाल अग्रवाल सहित कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

नारायण सेवा संस्थान

आर्टिफिशियल लिम्ब शिविर में 450 दिव्यांगों का लिया मेजरमेंट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर द्वारा विशाखापट्टनम के विश्वनाद कंवेशन, पोर्ट स्टेडियम में निःशुल्क ऑपरेशन जांच-चयन और कृत्रिम अंग व केलिपर्स माप केम्प आयोजित हुआ। शिविर में पूर्व विधायक विष्णु कुमार राजू,गीतम यूनिवर्सिटी चैयरमेन भरत कुमार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक के वेंकेट रमणा ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहां विशाखापट्टनम के दिव्यागों के हितार्थ सेवा के कार्यों के लिए हर सम्भव मदद की जायेगी। मैं संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल का अभिनंदन करते हुए धन्यवाद करता हूँ। प्रारम्भ में महागंगोत्री ग्रुप हेड रजत गौड़ ने मुख्य अतिथि और मंचासीन विशिष्ट अतिथियों का मेवाड़ की परंपरा अनुसार अभिनंदन किया । संस्थान की 39 वर्षीय सेवाओं की जानकारी देते हुए आगामी 5 वर्ष का विजन प्रस्तुत किया। शिविर में स्थानीय 25 से ज्यादा समाजसेवी और धार्मिक संगठन स्वयंसेवी के रूप में जुड़ कर सेवाएं दी।

महागंगौत्री हेड गौड़ ने शिविर की रिपोर्ट बताते हुए कहा शिविर में 700 से अधिक दिव्यांग आए जिन्हें संस्थान पीएंडओ डॉ. अंकिता एवं डॉ. रामनाथ ठाकुर की टीम ने पूर्ण मनोयोग से देखा और 390 दिव्यांगों का नारायण आर्टिफिशियल लिंब और 28 जन का केलिपर्स लगाने के लिए मेजरमेंट लिया। करीब 50 से ज्यादा दिव्यांग रोगियों का चयन शल्य चिकित्सा हेतु भी किया। जिनका उदयपुर ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन होगा। शिविर में हैदराबाद,झारखंड़ तिरुपति, विजयनगर से भी रोगी पहुंचे। इस शिविर में संस्थान की 30 सदस्यीय टीम ने सेवाएं दी।

घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

सदस्यता फार्म दिनांक .....

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम .....

पता : .....

.....

फोन ..... पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि (रुपए) ..... बैंक का नाम .....

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

● सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. .....रसीद क्रं. .....

दिनांक ..... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26

''शिक्षा से तात्पर्य है - बच्चों के शरीर, मस्तिष्क व आत्मा का सुन्दरतम् रूप निखारना''-गांधी
Play Way Method of Teaching
सरस्वती शिक्षा सदन सैक. स्कूल
सी-68-70, विद्याधर नगर, जयपुर, Ph. : 0141-2337215
मन की बात
संस्कार
नो एडमिशन फीस
नर्सरी से UKG
किताबे निःशुल्क
यूनीफार्म निःशुल्क (केवल एक)
आर्थिक रुप से कमजोर केवल नए विद्यार्थियों के लिए
सन्तोष शर्मा
संरक्षक
MA (हिन्दी) B.Ed.
बच्चे को उपहार न दिया जाए, तो वह कुछ देर रोएगा
मगर 'संस्कार' न दिए जाएं तो जीवन भर रोएगा।
वर्तमान समय में जैसे- जैसे शिक्षित नागरिकों का प्रतिशत बढ़ रहा है वैसे-वैसे जीवन मूल्यों में गिरावट आ रही है। इसका कारण है पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव और संस्कारों के प्रति उदासीनता। परिवार बालक की प्रथम पाठशाला है और माता-पिता प्रथम शिक्षक। लेकिन आज अमूमन परिवारों मे चाहे वह अमीर हो या गरीब। बच्चों को सुख सुविधाएं तो भरपूर देने का प्रयास होता है, परन्तु उन्हें अनुशासन, परिश्रम, समय की पालना, अपनी संस्कृति का ज्ञान, जिद न करना, माता-पिता से चीख कर व जोर से बात न करना, समय से पहले वह चीजें न देना जिनके लायक वह अभी नही हुआ। इन बातों पर अमूमन और खास- तौर से गली मौहल्ले के बच्चों के अभिभावकों का ध्यान तो बहुत ही कम जाता है, क्योंकि वह अपनी जद्दो जहद में ही लगे रहते है।
अच्छी परवरिश सिर दर्द देती है, लेकिन बुरी परवरिश दिल का दर्द देती है।
विद्यालय के अनिवार्य नियम
1. विद्यार्थी को समय पर ही विद्यालय आना होगा।
2. विद्यार्थी हमेशा फुल यूनीफर्म में ही विद्यालय आएगा।
3. बेतरतीब कटे हुए बालों के साथ प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
4. पढ़ाई के लिए अभिभावक द्वारा विद्यार्थी का अनुचित पक्ष नहीं लिया जाएगा।
5. अनुशासन हीनता पर विद्यार्थी को दो दिन/7 दिन या अधिक दिनों के लिए निकाला जा सकता है।
6. स्कूल आने के बाद विद्यार्थी को बीच में छुट्टी नहीं दी जाएगी।
7. बच्चे को लेने के लिए उसके माता-पिता या भाई-बहिन ही आएंगे। अन्य के साथ नहीं भेजा जाएगा।
प्रवेश प्रारम्भ 1 मई 2024 से
वाहन सुविधा
अध्यापक/अध्यापिकाएं सम्पर्क करें
एक अच्छा शिक्षक वह है, जो विद्यार्थी के चरित्र, सामर्थ्य और भविष्य को आकार देता है।
RTE Seats 25%
Principal : Mrs. Brij Lata Sharma B.A., B.Ed.

"Education Means - A Beautiful Development of Body, Brain & Soul of Children" - Gandhi
विद्या: ददाति विनयम्
SARASWATI CHILDREN'S ACADEMY
Play Way Method of Teaching
C-82-83,Vidhyadhar Nagar, Jaipur, Ph. :0141-2337215
FREE Nursery to Prep • Books & • Uniform
"NO ADMISSION FEES" All Students
Qualified Teachers Required
ADMISSION from the age of 2½ Year onwards
RTE Seats 25%
Completion of Play Group & Nursery in one Year
Vehicle Facility
ADMISSION OPEN

दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका,कहा-गिरफ्तारी अवैध नहीं

अभी जेल में ही रहेंगे केजरीवाल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट से अरविंद केजरीवाल को झटका लगा है। हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी है। केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने फैसला सुनाया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को वैध माना है।

कानून के मुताबिक गिरफ्तारी सही है। अब अरविंद केजरीवाल की मुश्किल बढती हुई नजर आ रही है।

याचिका खारिज होने के बाद केजरीवाल जेल में ही रहेंगे। दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अवैध नहीं है। ईडी के पास पर्याप्त सामग्री मौजूद है.आपको बता दें कि केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है।

इससे पहले जज ने फैसला पढ़ना शुरू किया था। कहा- ये फैसला जमानत याचिका पर नहीं है। गिरफ्तारी वैध या नहीं इस पर फैसला आएगा. मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज हुए। दस्तावेज के मुताबिक केजरीवाल साजिश में शामिल। सरकारी गवाह बनना कोर्ट तय करता है। गवाह पर शक करना, कोर्ट पर शक करना है। अप्रूवर पर कानून 100 साल पुराना है. बॉन्ड लेने से कोर्ट को मतलब नहीं है।

हम चीन के इलाकों के नाम बदल दें तो क्या वे भारत का हिस्सा हो जाएंगे- राजनाथ सिंह

नई दिल्ली @ जागरूक जनता। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार (9 अप्रैल) को अरुणाचल प्रदेश के नामसाई पहुंचे थे। यहां उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया। चीन की तरफ से अरुणाचल के 30 इलाकों के नाम बदलने पर रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि चीन के इलाकों के नाम बदल दिए जाएं तो क्या वे इलाके भारत के हिस्सा हो जाएंगे। चीन के साथ पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद पर राजनाथ ने कहा कि कोई भारत के सम्मान और स्वाभिमान को चोट पहुंचाने की कोशिश करता है तो देश अब इसका जवाब देने की क्षमता रखता है। रक्षा मंत्री के मुताबिक, चीन को इस गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए कि वे हमारे राज्य में स्थानों के नाम बदलकर अरुणाचल प्रदेश पर दावा कर सकते हैं। मेरा मानना है कि इस तरह के कामों से भारत और चीन के बीच संबंध खराब होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी जी कहते थे कि हमें हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि जीवन में दोस्त बदल सकता है, लेकिन पड़ोसी नहीं।

motorola edge 50 PRO
INTELLIGENCE MEETS ART
Experience Magic with moto ai
World's 1st AI Powered Pro-Grade Camera^
World's 1st 1.5K 144Hz True Color^ Display
Style Sync with AI Generative Theming
Segment's Best 125W wired + 50W Wireless Charging
SCAN THIS TO KNOW MORE
Starting at ₹27,999*
SPECIAL INTRODUCTORY OFFER
HDFC BANK Upto ₹ 2,250 instant Discount on HDFC Bank Credit and Debit Card EMI transaction. T & C apply.
PANTONE Validated PANTONE SkinTone Validated
Sale starts from 9th April on Flipkart
motorola.in and at leading retail stores.
motorola edge 50 pro
^Color Validated by Pantone in smartphone category
*Including all offers | #Terms & Conditions Apply
PANTONE Colors generated may not match PANTONE-identified standards. Consult current PANTONE Publications for accurate color. PANTONE and other Pantone trademarks are the property of Pantone LLC. © Pantone LLC, 2024

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया कवरेज के लिए जारी किये दिशा-निर्देश

मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टीवी या अन्य संचार माध्यमों से चुनावी मामले का प्रदर्शन बैन

लोकसभा आम चुनाव -2024

प्रावधानों के उल्लंघन पर हो सकती है 2 साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिये मीडिया कवरेज के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि टीवी चैनलों में पैनल चर्चा/बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी/रेडियो चैनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेन्ट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है। पैनलिस्टों/प्रतिभागियों द्वारा अपील करने पर उन्हें किसी पार्टी विशेष या उम्मीदवार की संभावना को बढ़ावा देने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है। इसमें जनमत सर्वेक्षण और मानक बहस, विश्लेषण, दृश्य और ध्वनि-बाइट्स का प्रदर्शन शामिल होगा। इसमें टीवी, केबल नेटवर्क, रेडियो, सिनेमा हॉल में किसी भी चुनावी मामले पर राजनीतिक विज्ञापन, किसी भी मतदान में थोक एसएमएस/वॉयस संदेशों, ऑडियो विजुअल डिस्प्ले का उपयोग आदि भी शामिल है। आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के लिये आयोग के पूर्व आदेशानुसार राज्य/जिला स्तर पर गठित समितियों द्वारा पूर्व-प्रमाणन की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में आयोग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का एनबीएसए द्वारा 3 मार्च, 2014 को जारी "चुनावी प्रसारण के लिए दिशा-निर्देश" की ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया गया है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ढ्ढस्ढ्ढ) ने आम चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए अपने प्लेटफार्मों के स्वतंत्र, निष्पक्ष और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सभी भाग लेने वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के लिए एक "स्वैच्छिक आचार संहिता" भी विकसित की है। सभी चुनावों के दौरान इस "स्वैच्छिक आचार संहिता" का पालन किया जाना चाहिए। यह संहिता वर्तमान लोकसभा चुनावों में भी लागू है।

लोकसभा आम चुनाव : प्रदेश के 12 जिलों में 20 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की वस्तुएं जब्त

अब तक अवैध शराब, नकदी एवं अन्य सामग्री के रूप में 593 करोड़ रुपये की जब्ती

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 593 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध नकद राशि, नशीली दवाएं (ड्रग्स), शराब, कीमती धातुएं, मुफ्त वितरण की जाने वाली वस्तुएं आदि जब्त की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा 16 मार्च, 2024 से अब तक 12 जिलों में 20-20 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की वस्तुओं की जब्ती सहित कुल 593 करोड़ रुपये की सामग्री पकड़ी गई है। यह जब्ती वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता की 75 दिनों की अवधि में हुई कुल 51.42 करोड़ रुपये मूल्य की जब्तियों के मुकाबले काफी अधिक है। गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में आचार संहिता लागू होने के बाद से लगभग 31.67 करोड़ रुपये अवैध नकद राशि के साथ ही 66.22 करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाएं, 33 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की अवैध शराब और 35.42 करोड़ रुपये मूल्य की सोना-चांदी आदि कीमती धातुओं की जब्ती की गई है। इस अवधि में, 420 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की अन्य सामग्री तथा लगभग 69 लाख रुपये कीमत की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, सर्वाधिक जब्तियां उदयपुर जिले में की गई हैं, जहां लगभग 29.74 करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुएं पकड़ी गई हैं। साथ ही, पाली जिले में परिवहन के दौरान विभिन्न स्थानों पर लगभग 29.33 करोड़ रुपये, दौसा में लगभग 27.94 करोड़ रुपये और चुरू जिले में 24.85 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध वस्तुएं अथवा नकद राशि जब्त हुई हैं। 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक जोधपुर, भीलवाड़ा, झुंझुनू, जयपुर, नागौर, डूंगरपुर, गंगानगर और बाड़मेर जिलों में भी 20 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की वस्तुएं जब्त की गई हैं। गुप्ता ने बताया कि राजस्थान पुलिस के साथ ही राज्य का एक्साइज विभाग तथा नारकोटिक्स एवं आयकर विभाग आदि केंद्रीय एजेंसियां उपरोक्त वस्तुओं के अवैध परिवहन पर प्रमुखता से कार्रवाई कर रही हैं।

समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों को अप्रैल माह तक पूरा करें-शर्मा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों को अप्रैल माह तक पूर्ण करें जिससे इन कार्यों का लाभ ग्रीष्म ऋतु में आमजन को मिल सके एवं उन्हें किसी भी तरह की पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। डॉ. समित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित अधीक्षण अभियंताओं के साथ समर कंटीन्जेंसी प्लान के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन की वजह से जो वाटर सप्लाई बाधित हो रही है उन्हें हटाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। पेयजल की सप्लाई में फील्ड में जाकर संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता नियमित रूप से दौरा करें। ग्रीष्म काल में पेयजल से संबंधित किसी भी तरह की किल्लत नहीं आए, इसके लिए स्वीकृत कार्यों का धरातल पर अधिकारियों द्वारा निगरानी एवं पर्यवेक्षण किया जाना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि राइजिंग मेन लाइन से जिन व्यक्तियों द्वारा अवैध कनेक्शन ले रखे हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। शासन सचिव ने कहा कि टैंकर्स के माध्यम से जो प्रतिदिन पेयजल की सप्लाई की जा रही है उसकी अच्छी तरह से मॉनिटरिंग की जाए साथ में इसमें किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी टैंकर्स पर जीपीएस लगा होना चाहिए साथ में इनका ग्राउंड लेवल पर अच्छी तरह से मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि किसी कारण से अभी तक जो खुदे हुए नलकूप एवं हेड पंप चालू नहीं हो पाए हैं उन्हें चालू करवाने के लिए आवश्यक कार्य कीये जाए।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़ें और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

जोधपुर लोकसभा सीट : हनुमंत शक्ति जागरण कार्यक्रम सम्पन्न

राजनीति से धर्म नहीं चलता, बल्कि धर्म से राजनीति चलती है

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जोधपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री राजस्थान के दौरे पर हैं। दौरे के दौरान जोधपुर पहुंचे बाबा ने लोकसभा चुनाव से पहले एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि 'राजनीति से धर्म नहीं चलता, बल्कि धर्म से राजनीति चलती है। जिसके बाद मीडिया के कई सवालों के जवाब भी दिए। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर और कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का हनुमंत शक्ति जागरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और विधायक महंत प्रताप पुरी महाराज भी आशीर्वाद लेने मंच पर पहुंचे।

बीजेपी की सदस्यता पर ये बोले

वहीं जोधपुर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस ने करण सिंह उचियारड़ा को टिकट दिया है। इस बीच जोधपुर पहुंचे बागेश्वर धाम के पीठाश्वीर धीरेंद्र शास्त्री ने पर्ची निकालकर चुनाव को लेकर इशारों ही इशारों में बड़ा दावा भी कर दिया। वहीं पर्ची लिए बाबा की फोटो केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी शेयर की। कांग्रेसियों के बीजेपी की सदस्यता लेने पर उन्होंने कहा कि 'जो लोग आ रहे हैं, वो निश्चित रूप से विश्व का कल्याण चाह रहे हैं।'

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, राजयमंत्री केके विश्नोई, विधायक महंत प्रतापपुरी पोकरण, प्रियंका चौधरी बाड़मेर, हमीरसिंह भायल सिवाना, खुशालगिरी महाराज, वातसल्य धाम की साध्वी सत्यसिद्धा, प्रवीणपुरी जयसिंधर, शंकरसिंह राजपुरोहित आहोर, मनोहर बंसल सहित कई लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व बाड़मेर आगमन पर केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री और अन्य ने अगवानी की।

ANCHOR अन्तरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन

प्रथम अग्र अलंकरण की तैयारी जोरों पर, 32 का होगा सम्मान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

कोलकाता। अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन कोलकाता वृहत्तर इकाई की एक आवश्यक कामकाजी बैठक 7 अप्रैल को कोलकाता में संपन्न हुई, बैठक का शुभारंभ भगवान अग्रसेन जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन एवं स्मृति शेष वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय विश्वनाथ सिंघानिया जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि के साथ हुआ, कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ पदाधिकारीयो में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन कोलकाता वृहत्तर इकाई की अध्यक्ष संगीता डोकानिया सेक्सरिया, अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय प्रमुख सलाहकार कृष्णा भिवानी वाला एवं अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के कोषाध्यक्ष गणेश भरतीया प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

इस दौरान आगंतुक सभी सदस्यों का परिचय सत्र हुआ एवं मंचस्थ पदाधिकारीयो का वृहत्तर शाखा की ओर से स्वागत भी किया गया तथा बैठक के दौरान अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने कहा कि 8 जून का कार्यक्रम हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है इसे सफल बनाना बृहत्तर शाखा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है क्योंकि आतिथ्य शाखा के रूप में कोलकाता वृहत्तर का चयन किया गया है, तथा बैठक में 8 जून के कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग समितियो का भी गठन कर जिम्मेदारी दी गई तथा इस अवसर पर कोलकाता वृहत्तर इकाई की अध्यक्ष संगीता डोकानिया सेक्सरिया ने कहा कि यह कार्यक्रम हमारी शाखा के लिए निश्चित रूप से एक बड़ा कार्यक्रम है तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मेहनत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान पत्रिका संपादन एवं अन्य सभी कार्यों में हमारी शाखा बढ़-चढ़कर अपना योगदान देगी, तथा बाहर से आने वाले आगंतुक सभी पदाधिकारी एवं अतिथियों का सम्मान भी हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी। बैठक के दौरान कोलकाता वृहत्तर के सदस्यों ने स्व स्फूर्त सामने आकर विभिन्न समितियों में कार्य करने की इच्छा जाहिर की, जिस पर सभी सदस्यों को जिम्मेदारी भी दी गई एवं बैठक में प्रमुख रूप से आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पंजीयन समिति, पत्रिका संपादन कार्यों को लेकर समिति एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा स्थानीय स्तर पर कोलकाता शहर में भी विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुखों को आमंत्रित करने पर भी निर्णय लिया गया बैठक में प्रमुख रूप से अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल के स्थानीय केंद्रीय पदाधिकारीयो के साथ ही कोलकाता वृहत्तर इकाई के भी सदस्य काफी संख्या में मौजूद रहे। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन केंद्रीय मुख्यालय एवं वृहतर कोलकाता आतिथ्य इकाई द्वारा आयोजित आज की इस महत्वपूर्ण सभा भगवान श्री अग्रसेन जी एवं माता माधवी जी के श्री चरणों में नमन वंदन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत हुई, सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के वरिष्ठ कर्मठ सदस्य, अग्र अलंकरण प्रायोजक स्मृति शेष श्री विश्वनाथ जी सिंघानिया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई, मंच पर अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल, अंतरराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गणेश भरतिया, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं मुख्य संरक्षक अग्र विभूति अलंकरण समारोह कृष्ण कन्हैया गोयल, राष्ट्रीय सलाहकार कृष्णा भिवानी वाला एवं वृहत्तर कोलकाता इकाई अध्यक्षा एवं अग्र अलंकरण की सह संयोजक संगीता डोकानिया सेकसरीया ने अंतरराष्ट्रीय प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपने अपने विचारो को रख सभागार में उपस्थित गणमान्य सदस्यों को 32 अलग अलग क्षेत्रों में अग्र अलंकरण कार्यक्र म की विस्तृत जानकारी दी एवं उपस्थित सभी सदस्यों ने भी अपने अपने सुझाव रखे।

आज की आहूत सभा में उपस्थित सम्मानीय सदस्य आनंद जैन ने संस्था द्वारा प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्र अलंकरण कार्यक्रम के संयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं स्थानीय अग्रवाल समाज के वरिष्ठ सदस्यों को उनके जीवन भर समाज सेवा कार्यों के लिए सम्मान करने का अपना सुझाव रखा, उपस्थित सभी सदस्यों ने रखे गए सुझाव का स्वागत किया एवं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार द्वारा समाज के इस अभूतपूर्व आयोजन की सफलता हेतु तन मन धन से सहयोग करने की अपनी स्वीकृति प्रदान की। आलम बाजार श्री श्याम मंदिर ट्रस्टी एवं प्रबंध न्यासी गोविंद मुरारी अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपना सुझाव रख कार्यक्रम की सफलता की अग्रिम बधाई दी। श्रीगोपाल नारसरिया ने कार्यक्रम स्थल पर सभी सदस्यों के लिए सुव्यवस्था हेतु अपना सुझाव रखा। इस मौके पर रेणु अग्रवाल, एकता जयपुरिया, संतोष अग्रवाल, संतोष खेमका, रितु अग्रवाल, सुभाष कुमार सराफ, रेखा गोयनका, उषा अग्रवाल, सुमन नारसरिया, संदीप सेकसरिया, पूजा अग्रवाल, उषा बुबना, रश्मि टांटिया, रीना तुलस्यान, मीरा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मनीषा पाटोदिया, किरण मस्करा, सरोज चिडीमांर, उषा मस्करा, संतोष अग्रवाल (फूलबागान), सरोज झुनझुनवाला, सरिता अग्रवाल, नारायण राजगढ़िया, लक्ष्मी सरावगी, बीना खेतान, सीमा कंदोई, रुचि लक्कड़, अमर कुमार भरतीया, पूनम अग्रवाल, उषा अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, शोभा गोयनका, चंदा भुवालका, शशि पोद्दार, राजेश पोद्दार, अभिषेक अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, प्रवीण चौधरी, प्रमिला चौधरी, अंजू केडिया, संजना अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, सरिता लोहिया, पूनम गोयल, श्रद्धा हमीरवासिया, बिंदु डालमिया,सुधा जैन, सुनील कुमार खेतान, नारायण दास राठी, सुनील शर्मा बंसीवाला, और प्रीति झुनझुनवाला ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर अग्र अलंकरण कार्यक्रम को सफल बनाने का दृढ़ संकल्प लिया एवं आज उपस्थित सभी सदस्यों ने भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों एवमं ईस्ट मित्रो को मतदान करवाने का संकल्प लिया और AAS परिवार के सभी सदस्यों से भी शत प्रतिशत मतदान की अपील की।

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र
जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।
जो दिखेगा वही बिकेगा
आज ही बुक करें विज्ञापन

आपके व्यापार की तरक्की
जागरूक जनता के साथ
विज्ञापन क्लासीफाइड डिस्पले प्रॉपर्टी वैवाहिक
विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070

जागरूक खबरें

■ मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार को जेड सिक्योरिटी

नई दिल्ली @ जागरूक जनता। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार

को केंद्र सरकार ने सिक्योरिटी दी है। सूत्रों के मुताबिक, इंटेलिजेंस ब्यूरो की खुफिया रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय ने मंगलवार को उनकी सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, CRPF की 40-45 जवानों की टुकड़ी अब 24 घंटे राजीव कुमार की सुरक्षा में तैनात रहेगी। दिल्ली से बाहर जाने के दौरान भी उनकी सुरक्षा में ये सशस्त्र कमांडो साथ रहेंगे। 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव शुरू होने से ठीक पहले गृह मंत्रालय ने ये कदम उठाया है। सूत्रों के मुताबिक, राजनीतिक दलों के हालिया प्रदर्शन और विदेश से मिल रही धमकियों को देखते हुए कुमार की सुरक्षा बढ़ाई है।

■ भाविप ने मनाया नवसंवत्सर

चित्तौडग़ढ़ @ जागरूक जनता। भारत विकास परिषद् शाखा द्वारा हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 पर कलेक्ट्री चौराये पर राहगीरों को कुमकुम तिलक लगाकर नीम मिश्री एवं कालीमिर्च का प्रसाद देकर हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी। सचिव नरेंद्र कुमार जोशी ने सभी सदस्यों को नवसंवत्सर की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर कमल जैन, बाल कृष्ण धूत, डॉ. आई एम सेठिया, मनोहर लाल मूंदड़ा, बलवंतसिंह शिशोदिया, बृजेश मोदानी, राजेश पगारिया, राजेश न्याती, राकेश मंत्री, शांति लाल भराडिया, दिनेश काबरा, विजय सिंह मेहता, फतह सिंह देवपुरा, राजेश धूत, केजी डाड, भगवती लाल समदानी, कनक मल मेहता, अशोक नामधर, सीताराम मालीवाल, सी पी खटोड़ के साथ मातृशक्ति में अलका जैन, विमला सेठिया, अर्चना मोदानी, ज्योत्सना जोशी, चन्दा समदानी, वंदना वजीरानी ने सहयोग किया।

■ जयपुर में विपुल देव नए पासपोर्ट अधिकारी नियुक्त

जयपुर @ जागरूक जनता।

विदेश मंत्रालय ने जयपुर में विपुल देव को नया क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी (आरपीओ) नियुक्त किया है। देव भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 2014 बैच के ऑफिसर हैं। मूल रूप से सीकर निवासी देव इससे पहले विदेश मंत्रालय में कार्यरत थे।

■ एसएमएस स्टेडियम में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात, गुजरात-राजस्थान का मैच आज

जयपुर @ जागरूक जनता। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच में राजस्थान की टीम अपनी जीत बरकरार रखने के लिए मैदान में उतरेगी। वहीं, गुजरात टाइटंस की टीम राजस्थान को हराकर प्वाइंट्स टेबल में बढ़त हासिल करना चाहेगी। इसके लिए मंगलवार को दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में जमकर नेट प्रैक्टिस की। इस बार ग्राउंड की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है। प्रैक्टिस के दौरान लोगों की एंट्री बंद रखी गई।

कहीं रैली, कहीं मानव श्रृंखला तो कहीं रंगोली बनाकर किया जा रहा मतदान के लिए प्रेरित

मतदाता की मनुहार जारी...अभी से करें मतदान की तैयारी

घर-घर वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड का हो रहा वितरण

बुधवार से होगा सतरंगी सप्ताह का आगाज, हर दिन होंगे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बुधवार से सतरंगी सप्ताह का आगाज किया जाएगा जिसके तहत अगले सप्ताह प्रतिदिन विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड का वितरण भी किया जा रहा है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर पूर्व एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सुमन पंवार के निर्देशन में मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मध्यनजर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं की जागरूकता हेतु स्कूली छात्राओं ने गुरूनानकपुरा, परनामी मन्दिर मार्ग, गोविन्द मार्ग एवं राजापार्क मेन मार्केट में रैली निकालकर क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके बाद पंवार ने राजस्थान कॉलेज स्थिति ईवीएम स्ट्रॉग रूम में ईवीएम कमिशिनंग के कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही श्रीमती पंवार ने कार्मिकों को कमिशिनंग कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिये।

वहीं, हवामहल विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सरिता शर्मा ने बताया कि हवामहल विधानसभा क्षेत्र में घर-घर दस्तक देकर 1 लाख 46 हजार 947 वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं 38 हजार 366 वोटर गाइड का वितरण किया जा चुका है। साथ ही मतदाताओं को वीएचए, केवाईसी, सी-विजिल एवं सक्षम एप की जानकारी भी प्रदान की गई। वहीं, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जलमहल की पाल पर दीपदान कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देश पर जिला स्वीप टीम की ओर से रामबाग सर्किल पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बना कर आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान की अपील की। इस दौरान मतदान से जुड़ी कटपूतली नाटिका का भी प्रदर्शन आमजन के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

बेजुबानों के लिए दाना-पानी हमारी नैतिक धर्म-शेखावत

दाना-पानी अभियान से करेंगे लोगों को अवेयर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

पीपाड़ शहर। गर्मी अब सितम ढाने लगी है और सूरज आग उगल रहा है। बढ़ती गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी पानी की आवश्यकता होती है। गर्मी का सीजन शुरू होने के साथ ही लोगों ने दानापानी अभियान की शुरुआत कर दी है। अब वे लोगों को घर-घर जाकर अवेयर कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों को दाना-पानी सकोरों के माध्यम से उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में पीपाड़ की सामाजिक संस्थान ए टु जेड (A TO Z) सेवा संस्थान ने यह पहल शुरू कर दी है । इस पहल के पोस्टर को गत दिनों जोधपुर सासंद और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के शुभ हाथों से विमोचन कर और वितरण कर शुरुआत की है इस अवसर पर शेखावत ने बताया की बेजुबान प्राणियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना हमारा नैतिक धर्म और कर्म है। हमें अपनी भारतीय संस्कृति का अनुसरण करना चाहिए। भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे श्रेष्ठ संस्कृति है। इसलिए हमें अपनी संस्कृति के अनुसार आचरण करना चाहिए। उन्होंने कहा हमारी संस्कृति ही हमें प्रत्येक जीव के प्रति दयाभाव रखना सिखाती है। गर्मी की शुरुआत हो चुकी हैं इसलिए बेजुबान पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना हमारा धर्म है। संकट की घड़ी में मानवता की मदद के साथ साथ, पशु पक्षियों का भी ध्यान रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। इतना ही नहीं कहा संस्थान का यह काम तारीफे काबिल है कि वे दूसरों को भी गर्मी में पशु पक्षियों के लिए दाना-पानी के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता और संस्थान के संरक्षक मेहराम गहलोत ने बताया की यह संस्था जून महीने तक पीपाड़ शहर और ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत सभी जगह दाना-पानी अभियान चलाएगी । इस अभियान के अंतर्गत इस संस्था के पदाधिकारी न केवल लोगों को अवेयर करेंगे, बल्कि वार्ड स्तर पर लोगों को सकोरे भी वितरित किए जाएंगे। इनमें संस्था की ओर से शहर के अलग-अलग पार्क में भी लगाए जाएंगे। इस मौके पर अरविंद टाक, रामकिशोर टाक, पीयूष गहलोत, धनराज सेन, महेंद्र पटेल, आदित्य राम कच्छावाह, पेन्टर देवाराम जाँगिड, भवानीसिंह कच्छावाह, अतुलसिंह, सहित संस्थान के सदस्यों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का रोड शो, सांसद बोहरा और मेयर सौम्या रही मौजूद

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। लोकसभा चुनाव में जयपुर शहर से प्रत्याशी बनाई गई मंजू शर्मा के समर्थन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रोड़ शो किया। सीएम ने जयपुर के मानसरोवर में रोड़ शो किया। भृगु पथ से लेकर मध्यम मार्ग तक ये रोड़ शो निकाला गया है। जहां समर्थन में जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान सीएम के साथ भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा, सांसद रामचरण बोहरा, मेयर सौम्या गुर्जर भी मौजूद रहे है। और जनता के बीच रोड़ शो के जरिए वोट बैंक को और मजबूत करने का काम किया है। बता दें कि भजनलाल शर्मा भी संगानेर विधानसभा क्षेत्र से ही चुन कर सीएम के पद पर पुहंचे है। ऐसे में कहा जा सकता है। इस रोड़ शो का काफी प्रभाव रहने वाला है। प्रदेश में दो चरणों में मतदान होगा। राज्य में 25 सीटों पर चुनावी मुकाबला होगा। राजस्थान में आम चुनाव 2024 के लिए वोटिंग दो चरणों 19 और 26 अप्रैल को होगी। राजस्थान में पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों पर तो वहीं दूसरे चरण में 13 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को तो वहीं दूसरे चरण की वोटिंग 26 अप्रैल को होगी। पूरे देशभर में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक कुल 7 चरणों में होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

मृत्युभोज रूकवाने पर समाज से बहिष्कृत किये जाने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौडग़ढ़। जटिया बैरवा समाज में मृत्युभोज की कूरीति को बंद करने के चला रहे अपने अभियान के तहत क्षेत्रीय संगठन जटिया जागृति युवा द्वारा गत दिनों बड़ीसादड़ी तहसील के चिकारड़ा ग्राम में आयोजित समाज के व्यक्ति के मरणोपरान्त किये जा रहे भोज को रोकने पर समाज से बहिष्कृत किये जाने के विरोध में अखिल भारतीय बैरवा समाज के जिलाध्यक्ष रामेश्वर बैरवा के नेतृत्य में अखिल मेवाड़ जटिया समाज सेवा संस्थान व ग्रामवासियों द्वारा दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन द्वारा दिये ज्ञापन में बताया कि चिकारड़ा ग्राम में मृत्योपरान्त एक भोज का आयोजन किया जा रहा था जहाँ क्षेत्रीय संगठन जटिया जागृति युवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम निरस्त करा दिया। इससे क्षुब्ध आयोजक परिवार व समाज के लोगों द्वारा युवा कार्यकर्ताओं पर सामाजिक कार्यवाही करते हुए मौखिक रूप से समाज से बहिष्कृत कर हुका-पानी बंद कर दिया। इसके विरोध में जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर बताया कि विगत पांच वर्षों से बड़ीसादड़ी क्षेत्र में समाज का मृत्युभोज बंद है। युवा संगठन निरन्तर समाजहित में कूरीतियों पर मुहिम चला कर जागरूक कर रहा है। इसी के चलते यह आयोजन बंद कराया जिस पर हुक्का-पानी बंद कराने जैसे फरमान को तुगलकी बताते हुए सम्मिलित समाजनों की एक नामजद सूची देकर सख्त कार्यवाही की मांग की। अखिल भारतीय बैरवा समाज के जिलाध्यक्ष रामेश्वर बैरवा ने मृत्युभोज बंद कराने के प्रशासनिक आदेश को नये सिरे से जिला कलेक्टर के अधीन सम्पूर्ण जिले में समस्त ग्राम स्तर के हुकुमरानों जिसमें प्रधानाध्यापक, पटवारी, सचिव, सरपंच को अनिवार्य रूप से एक प्रति पहुँचा कर मृत्युभोज के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये जाने की मांग की ताकि इसे पूर्णतया बंद कराया जा सके। इस दौरान जटिया जागृति युवा संगठन के अध्यक्ष भोलेराम, उपाध्यक्ष प्रहलाद जटिया, कोषाध्यक्ष पप्पूलाल, सचिव शंकर लाल, भंवरलाल, डाडमचंद, पप्पुलाल, गोवर्धनलाल, राधेश्याम, रमेशचन्द्र, उदयलाल, किशनलाल, भेरूलाल, मिट्ठूलाल, रतनलाल, राहुल, धन्नालाल, रमेशचन्द्र, मोहनलाल आदि उपस्थित रहे।

आपका यह जोश और जुनून ही हमारी ताकत-जूली

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

अलवर। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक टीकाराम जूली अलवर लोक सभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ जनसंपर्क कर रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में उमडे जनसैलाब से जूली ने कहा कि आपका यह जोश और जुनून हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई कांग्रेस पार्टी की नहीं बल्कि देश की आन बान और शान की है जिसे हमें मिलकर लड़ना है। उन्होंने उपस्थित 36 बिरादरी के लोगों से आवाहन करते हुए कहा कि विपक्ष के लोग बरगलाने का काम करते हैं लेकिन हमें बहकावे में नहीं आना है एवं देश विरोधी इन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना है।

उन्होंने कहा कि देश में अब युवाओं को रोजगार मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी देश में कांग्रेस गठबंधन आने के बाद युवा खुद रोजगार देने वाला सक्षम बनेगा। उन्होंने कहा कि मतदाताओं का चारो तरफ से मिल रहे व्यापक समर्थन कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव ढाणी ढाणी में जनसंपर्क-आशीर्वाद एवं समर्थन कार्यक्र म में उमड़ रहा जन सैलाब इस बात का प्रतीक है कि इस बार जनता के मन में कांग्रेस की नीतिया रच बस गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की महंगाई बढ़ाने वाली व जुमले वाली इस सरकार से जनता ने पीछा छुड़ाने का मन बनाया है ऐसे में अब यहां दिल्ली के दरबारों का हुकुम जनता नजरअंदाज कर रही है। कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव ने कहा कि आपका प्यार और स्नेह मेरे लिए अमूल्य है, आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी नहीं बल्कि आपका बेटा और भाई पिछले 10 वर्षों से अलवर को पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के विकास पथ से विनाश पथ की ओर धकेलने वाली भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के सामने खड़ा है।

शक्तिपीठों पर घट स्थापना के साथ नवरात्री मेले प्रारम्भ

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौडग़ढ़। चैत्र नवरात्रि में शक्ति उपासना का विशेष महत्व होने से जिले के प्रमुख शक्तिपीठ दुर्ग स्थित कालिका माता, जोगणिया माता, आसावरा माता, मरमी माता, ऐलवा माता, सगरा माता सहित अन्य शक्तिपीठों पर मंगलवार को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ ही नौ दिवसीय नवरात्रि अनुष्ठान प्रारम्भ हो गये। जिले में शक्तिपीठों पर बड़े सवेरे से श्रद्धालु माता के दर्शन को आतुर दिखाई दिए। दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर सहित जिले के अन्य शक्तिपीठों पर नौ दिनों तक विभिन्न अनुष्ठान किए जाएंगे। इसी प्रकार झांतला माता, अम्बा माता, लाल बाई फूल बाई सहित अन्य शक्तिपीठों एवं लोक देवताओं के मंदिरों में प्रतिदिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता के दर्शन के लिए पहुंचेंगे।

कालिका माता मंदिर में लोग बड़े सवेरे बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। दूसरी ओर चैत्र नवरात्रि में श्रीराम उपासना का विशेष महत्व होने से विभिन्न रामायण मंडलों द्वारा मंदिरो एवं सार्वजनिक स्थानों पर अखण्ड रामायण पाठ, सुन्दकांड, हनुमान चालीसा के पाठ प्रारंभ किये गये हैं यह क्रम राम नवमी तक जारी रहेगा।

जिला खाद बीज एवं कीटनाशक विक्रेता संघ का जिला अधिवेशन सम्पन्न

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौडग़ढ़। जिला खाद बीज एवं कीटनाशक विक्रेता संघ का जिला अधिवेशन महाराणा प्रताप सेतु मार्ग स्थित भरत बाग में सम्पन्न हुआ जिसमें उदयपुर संभाग के चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, उदयपुर, राजसमंद, डुंगरपुर जिलों के जिलाध्यक्ष सहित सम्पूर्ण जिले के व्यापारी सम्मिलित हुए। संघ के जिला महामंत्री कमल अग्रवाल ने बताया कि उक्त जिला अधिवेशन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री, प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम खण्डेलवाल, प्रदेश महासचिव प्रवीण शर्मा, संभागीय अध्यक्ष सुरेशचन्द्र तोतला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले से करीब 350 व्यापारियों ने भाग लिया। अधिवेशन के दौरान कृषि अधिकारी एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित व्यापारियों को व्यापार संबंधित आ रही समस्याओं के निराकरण के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम खण्डेलवाल ने सम्बोधित करते हुए बताया कि रायडा द्वारा किसानों एवं व्यापारियों के हित में विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं एवं उनके मार्गदर्शन के लिए समय-समय पर केन्द्रीय व राज्य स्तरीय कृषि मंत्री से विचार विमर्श कर समाधान के लिए प्रयास किये जाते रहे हैं। अधिवेशन के दौरान ओसवाल ग्रुप इण्डस्ट्रीज के रिजनल मैनेजर रोहित तिवारी, विजेन्द्रसिंह ने खाद एवं कीटनाशक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान नरेन्द्र गौड़ को ही चित्तौड़गढ़ कृषि व्यापार संघ का पुनः जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अधिवेशन में संघ के संरक्षक अशोक मारू निम्बाहेड़ा, शंकरलाल जाट कपासन, बद्रीलाल पलोड़ कपासन, जिला कार्यकारिणी के सीताराम मंत्री निम्बाहेड़ा, कमल अग्रवाल, दीपक नलवाया, पुष्कर माली बड़ीसादड़ी, प्रकाश धाकड़, अभय गट्याणी बेगूं, कमल कोठारी बस्सी, दिनेश धाकड़, बाबरू धाकड़, बिजयपुर, ललित लड्ढा, मनीष जैन, मधु पलोड़, मनीष जैन, राधेश्याम नाराणीवाल, स्वदेश दायमा सहित कई जिला पदाधिकारी, विक्रेतागण उपस्थित रहे। संचालन जिलाध्यक्ष नरेन्द्र गौड़ ने किया व आभार जिला उपाध्यक्ष पुष्कर माली बड़ीसादड़ी ने जताया।

SMS अस्पताल में मरीजों को नहीं भटकना पड़ेगा इधर उधर, मोबाइल पर मिलेगी रिपोर्ट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। एसएमएस अस्पताल में मरीजों के लिए राहत की खबर निकलकर सामने आ रही है. अब मरीज को मोबाइल पर ब्लड इन्वेस्टिगेशन की रिपोर्ट मिलेगी। अस्पताल प्रशासन ने सफल ट्रायल के बाद अब यह व्यवस्था शुरू की है। जनाधार से जुड़े व्हाट्सप नंबर पर ऑनलाइन रिपोर्ट मिलेगी। अस्पताल प्रशासन ने ट्रायल के बाद अब यह व्यवस्था शुरू की है। ऐसे में माइक्रोबायोलॉजी पैथोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री की जैसे ही रिपोर्ट तैयार होगी। तत्काल प्रभाव से मरीज के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर यह रिपोर्ट पहुंचेगी। IHMS की इस व्यवस्था के बाद मरीज रिपोर्ट लेने के लिए नहीं भटकेंगे। जो कि मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है इस व्यवस्था के बाद मरीज रिपोर्ट लेने के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

महिला मोर्चा नगर मंडल द्वारा घर- घर संपर्क कार्यक्रम का शुभारंभ

चित्तौडग़ढ़। राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से कई लोगों को लाभ हो रहा है। सरकार द्वारा इन योजनाओं को क्रियांवित करते हुए प्रदेश में आमजन की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनने की ओर अग्रसर है। राजस्थान की भजन लाल सरकार की योजनाओं के तहत पंचायत स्तर तक शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं गांव ढाणी तक सड़क बिजली और पानी की व्यवस्था को सुचारु किया गया है। इसी कड़ी में लोकसभा सांसद प्रत्याशी जन जन के लाडले स्वच्छ छवि और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी सीपी जोशी को टिकट मिलने के बाद से ही समस्त कर्मठ व जुझारु कार्यकर्ता व बूथ स्तर के पदाधिकारीगण उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ प्रचार में जुट गए। प्रचार प्रसार की इसी कड़ी में भाजपा महिला मोर्चा ने जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वीणा दशोरा, नगर अध्यक्ष सागर सोनी के निर्देशन में नगर मंडल अध्यक्ष इंद्रा सुखवाल की अध्यक्षता में दुर्ग स्थित माँ कालिका मंदिर में दर्शन कर घर घर जन संपर्क अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्र म में मधु शर्मा, सिंपल वैष्णव, संजू लड्ढा, भारती वैष्णव, अंजना गोस्वामी, पिंकी सोमानी, पुष्पा मूंदड़ा, मधु नुवाल, कमलेश, सुष्मिता गोस्वामी, ज्योति व्यास, अलका चतुर्वेदी, प्रिया, सुनीता तुंगारिया, सरस्वती शर्मा, गोविंद कंवर, गायत्री वैष्णव उपस्थित रहीं। महिला मोर्चा की घर घर संपर्क अभियान टीम ने नगर के वार्डो बूथो व घर-घर जाकर भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर भाजपा के पक्ष में मतदान कर सी पी जोशी को रिकॉर्ड मतों से जिताने की अपील की। जनसंपर्क कार्य में भाजपा के पदाधिकारी गण लोकेश त्रिपाठी, निर्मल प्रकाश, सत्यनारायण ओझा, राजीव शर्मा, राजेंद्र शुक्ला, मन्ना लाल गुर्जर, अभिषेक जोशी, आदर्श आचार्य, संजू लड्ढा, इंद्रा सुखवाल, मंजू पितलिया, सुष्मिता गोस्वामी, अलका चतुर्वेदी, ज्योति व्यास, रमा शर्मा, जया कंवर आदि ने प्रचार प्रारंभ कर भाजपा को शत प्रतिशत मतदान के साथ विजय श्री दिलाने तथा वार्ड निवासियों से राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने का आग्रह किया।